हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–83 : जौनपुर, सोमवार 16 मई 2022 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज –4 | मूल्य : 2 रूपया

ज्ञानवापी में मिला बड़ा शिवलिंग, कोर्ट के आदेश पर स्थान संरक्षित : अगली सुनवाई 20 मई को

प्रयागराज ब्यूरो : ज्ञानवापी मस्जिद विवाद मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई सोमवार को भी जारी रही। मंदिर पक्ष की तरफ से कहा गया कि न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर हो रहे सर्वे में एक बड़ा शिवलिंग मिला है। उनके साथ कई और चीजे मिली हैं। न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर उस आदेश को सुरक्षित कर दिया गया है। कोर्ट ने फिलहाल मामले की सुनवाई को आगे बढ़ाते हुए 20 मई की तिथि तय की है। उधर, इलाहाबाद हाईकोर्ट में वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर और ज्ञानवापी मस्जिद विवाद से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई शुरू हो गई। जस्टिस पांड्या की सिंगल बेंच

मामले की सुनवाई कर रही है। प्रमुख रूप से वाराणसी जिला अदालत में 1991 में दाखिल वाद की पोषणीयता पर सुनवाई हो सकती है।

नगर में धूमधाम से मनाया गया भगवान बुद्ध का जन्मोत्सव

हरदोई पत्रकार जनार्दन श्रीवास्तव : कस्बा पाली के सेठ बाबूराम भारतीय इण्टर कालेज में बुद्ध पूर्णिमा पर्व के सुअवसर पर भगवान गौतम बुद्ध का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम अंग्रेजी प्रवक्ता विजेता आर्य ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया।तत्पश्चात विद्यालय स्टॉफ सहित छात्रध छात्राओं ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये। कार्यक्रम के अवसर पर भूगोल प्रवक्ता विनोद प्रताप वर्मा ने भगवान बुद्ध के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बुद्ध पूर्णिमा का पर्व हर साल वैशाख माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। माना जाता है कि इसी दिन गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था। हिन्दू मान्यता के अनुसार, सभी महीनों में वैशाख का महीना भगवान विष्णु को भी अत्यंत प्रिय है। इसी दिन 563 ईसा पूर्व नेपाल के लुम्बिनी नामक स्थान पर गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था। इनके माता–पिता का नाम राजा शुद्धोधन और मायादेवी था। वह कपिलवस्तु में एक राज घराने में पले– बढ़े। कहा जाता है कि सांसारिक सुखों से विरक्त होकर उन्होंने गया में बरगद के पेड़ के नीचे 49 दिनों तक लगातार तपस्या की थी। 49वें दिन ज्ञान प्राप्त होने के कारण बोधिसत्व कहलाये। भगवान बुद्ध भारत की सांस्कृतिक विरासत की अमूल्य धरोहर है।उनका समग्र जीवन दर्शन मानवीय कल्याण के हितार्थ ज्ञान की खोज के लिये मात्र 29 वर्ष की आयु में परम वैभव के साम्राज्य और सांसारिक सुखों के आकर्षण के परित्याग की पराकाष्ठा है। इनके बचपन का नाम सिद्धार्थ था। जिसका अर्थ है अभिलाषा का पूर्ण

हो जाना क्योंकि उनके जन्म से सभी की अभिलाषाएं पूर्ण हुई इसलिए उनका नाम सिद्धार्थ रखा गया। भगवान बुद्ध ने कहा कि मैं ही सभी चीजों का केंद्र बिंदु है वही सब का मूल है मालिक है कारण है। मन ही शासन करता है योजना बनाता है।यदि आदमी का मन शुद्ध होता है तो वह शुद्ध वाणी बोलता है अच्छे कार्य करता है। मन काबू में है तो सब कुछ काबू में है। इसलिए मुख्य बात मन की साधना है। अपने चित्त को निर्मल बनाये रखना ही धर्म का सार है। अंग्रेजी प्रवक्ता विजेता आर्या ने भगवान बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भगवान बुद्ध ने कहा था कि मैं ऐसे किसी सिद्धांत को स्वीकार नहीं कर सकता जिसमें सैकड़ों बातों को यूं ही पहले से ही सही मानकर चलना होता है।उनका दृढ़ विश्वास था कि हर व्यक्ति के भीतर अच्छा इंसान बनने की संभावनाएं होती हैं बशर्ते उस पर विश्वास कर उसे समुचित अवसर परिस्थितियां प्रदान की जायें और उन्होंने बताया कि पाली में एक कहावत है कि सूर्य केवल दिन में चमकता है और चंद्रमा रात में लेकिन बुद्ध अपने तेजस्वी व्यक्तित्व से दिन –रात हर समय प्रकाशित रहते हैं।वे समस्त लोक के प्रकाश स्तंभ अर्थात भुवनप्रदीप थे। उनके विचारों की उपादेयता संदेह से परे है।हिंदी के प्रवक्ता राजेश प्रकाश मिश्रा ने शांति और अहिंसा के दूत भगवान बुद्ध को नमन करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टॉफ व छात्र/छात्रायें मौजूद रहे।

जेसीआई जौनपुर ने जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर की अग्रणी संस्था जेसीआई जौनपुर के अध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय ने नगर के एक प्रतिष्ठित होटल में सभी सम्मानित सदस्यों को जीएसटी जैसे विषय की सम्पूर्ण जानकारी तथा साइबर क्राइम से बचाव हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया। जीएसटी ट्रेनिंग सीए रितुल पाठक और एण्टी साइबर क्राइम की ट्रेनिंग पुलिस विभाग के साइबर सेल के ओम प्रकाश जायसवाल ने दी। सर्वप्रथम संस्था के सदस्यों ने सभी पूर्व अध्यक्षों के साथ ट्रेनरों का बुके देकर स्वागत किया। इसके पश्चात् सीए रितुल पाठक ने जीएसटी के सम्बन्धित विषयों पर प्रकाश डाला और संस्था के सदस्यों के प्रश्नों का भी समुचित उत्तर दिया। साइबर सेल के ओम प्रकाश जायसवाल ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि आप जिन्हें नहीं जानते, उनकी फेसबुक रिक्वेस्ट स्वीकार न करें, अपनी फेसबुक प्रोफाइल को छुपाकर रखें तथा कभी भी अपनी किसी भी सन्दर्भ में आयी हुई ओटीपी किसी को न बतायें। साइबर क्राइम को रोकने के लिये उन्होंने बहुत सारी जानकारियां दी। इस कार्यक्रम में संस्था के पूर्व मण्डलाध्यक्ष राधेरमण जायसवाल ने कहा कि ट्रेनिंग जेसीआई जौनपुर की आत्मा है और यह संस्था सदैव इसके माध्यम से लोगों के व्यक्तित्व को निखारने का कार्य करती है। पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार

जायसवाल, शशांक सिंह रानू, राकेश जायसवाल, संजय गुप्ता ने इस तरह के ट्रेनिंग कार्यक्रम को आयोजित करने के लिये डा. संदीप पाण्डेय की सराहना की। अंत में अध्यक्ष डा. संदीप ने सभी सदस्यों के साथ मिलकर अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर पूर्व मण्डलाध्यक्ष आलोक सेठ, सोनी जायसवाल, कंचन पाण्डेय, स्वर्णिमा जायसवाल, वन्दना गुप्ता, रमेश श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव, आशुतोष जायसवाल, सर्वेश जायसवाल, दिलीप सिंह, अतुल जायसवाल, दिलीप जायसवाल, रंजीत सिंह सोनू, विशाल तिवारी, आकाश केसरवानी, प्रदीप सिंह, मनीष चौरसिया, संतोष मेडिकल, आशुतोष गुप्ता, अर्चना सिंह, मीनू श्रीवास्तव, पूनम श्रीवास्तव, नीलम जायसवाल, सिम्पल सोनी, नीतू सिंह, सिमरन तिवारी, वंशिका मौर्या, गायत्री जायसवाल, बबिता जायसवाल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सचिव प्रदीप जायसवाल ने किया। कार्यक्रम संयोजक भरत सेठ ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

भारत जब तक वैदिक सनातन राष्ट्र नही बना दिया जाता तब तक अन्न ग्रहण नहीं करूंगा: हिंदू देव प्रकाश शुक्ला

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राष्ट्रीय युवा वाहिनी द्वारा योगी जी को पुनः मुख्यमंत्री बनने के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा वाहिनी परिवार के द्वारा गौ यज्ञ एवं श्रीराम कथा का आयोजन लखनऊ में नियर प्रभात पुरम सीतापुर रोड पर चल रहा है। श्रीमद् जगतगुरु बालका देवाचार्य जी महाराज बेनामी पीठ नैनागिर धाम जिला अलवर राजस्थान श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर योगी राजीव नाथ महाराज महंत गोपाल दास महाराज वृंदावन मथुरा कैलाश नाथ सिंघल राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीराम सेना संपादक राष्ट्रीय युवा वाहिनी शंखनाद चंद्रशेखर आर्य संयोजक राष्ट्रीय युवा वाहिनी हिमाचल महंत गोपाल दास जी महाराज प्रदेश मेरठ कथा व्यास स्वामी जयप्रकाश चेतन राष्ट्रीय संयोजक राष्ट्रीय युवा वाहिनी प्रकाश चंद्र मिश्रा रोशनी शुक्ला राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ आयोजक हिंदू देव प्रकाश शुक्ला संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय युवा वाहिनी एवं संपादक राष्ट्रीय युवा वाहिनी शंखनाद हिंदी दैनिक साप्ताहिक मासिक पत्रिका एवं न्यूज चौनल राष्ट्रीय युवा वाहिनी की समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। भारत को वैदिक सनातन राष्ट्र बनाने के

लिए राष्ट्रीय युवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिन्दू देव प्रकाश शुक्ला ने लिया संकल्प। भारत को जब तक वैदिक सनातन राष्ट्र नही बना दिया जाता है तब तक मैं अन्न ग्रहण नहीं करूंगा।ऋचा वशिष्ठ राष्ट्रीय महासचिव राष्ट्रीय युवा वाहिनी सहित सभी विद्वानों को गीता एवम गौ माता का चित्र राष्ट्रीय अध्यक्ष हिन्दू देव प्रकाश शुक्ला ने भेंट कर सम्मानित किया।

गोमती पहुंच मार्ग समिति द्वारा अतिक्रमण के बाबत माननीय राज्यमंत्री को दिया गया ज्ञापन

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : ''गोमती पहुंच मार्ग समिति'' जौनपुर का एक प्रतिनिधिमंडल वाजिदपुर तिराहा से लेकर जेसीज चौराहे व लक्ष्मी कांप्लेक्स तक के लगभग 100 से अधिक लोगों ने पीडब्ल्यूडी व सी.आर.ओ. द्वारा भेजी गई अतिक्रमण संबंधित नोटिस के संबंध में राज्य मंत्री माननीय श्री गिरीश चंद यादव जी से मुलाकात कर एक ज्ञापन माननीय मंत्री जी को दिया। माननीय मंत्री जी ने संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों से फोन पर बात की और की जा रही कार्यवाही को फिलहाल रोकने का आदेश भी दिया और कहा कि आम जनता के साथ कोई भी उत्पीड़नात्मक कार्यवाही न की जाए। माननीय राज्यमंत्री ने कहा की आप की रोड बनने में जब सभी लोग अपना सहयोग कर रहे हैं, आपकी नाली का निर्माण भी निर्बाध गति से हो रहा है व विद्युत पोल भी शिफ्ट हो चुके हैं तब आप क्यों आम जनता को परेशान कर रहे हैं और नोटिस भेज रहे हैं। मंत्री जी ने सभी से कहा कि आप लोग अधिक से अधिक संख्या में महायोजना 2031 जो बनने जा रही हैं, अपनी आपत्ति जमा करें तथा वाजिदपुर तिराहे से जेसीज चौराहा तक व प्रभावित क्षेत्र में जिन– जिन लोगों के नक्शे पास हैं उनकी एक कॉपी मुझे उपलब्ध करायें। जिससे मैं शासन द्वारा आपकी भूमि

का भू–उपयोग परिवर्तन कराकर आपकी इस समस्या को जड़ से खत्म कर सकूँ। उन्होंने आश्वासन भी दिया कि आप लोग निश्चिंत रहें हमारी सरकार किसी का भी अहित नहीं होने देगी। इस अवसर पर गोमती पहुंच मार्ग समिति के संस्थापक व संरक्षक अध्यक्ष डॉ इंद्रजीत सिंह, वर्तमान अध्यक्ष रमेश बरनवाल, सचिव एडवोकेट अशोक सिंह, कोषाध्यक्ष आशुतोष सिंह, कार्यकारिणी सदस्य दिलीप सिंह, प्रदीप सिंह, गुलाब सिंह, ओंकार नाथ यादव, घनश्याम सिंह, जितेंद्र सोनकर, सुधीर सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।

नेचर इंडेक्स रैंकिंग में लखनऊ विश्वविद्यालय ने लगाई २३ अंकों की छलाँग : प्राप्त हुआ प्रदेश मे पहला स्थान

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। नेचर इंडेक्स रैंकिंग मे लखनऊ विश्वविद्यालय ने २३ अंकों की छलाँग लगते हुए पिछले वर्ष की ६४वें स्थान की तुलना में इस वर्ष ७१वाँ स्थान हासिल कर पूरे प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। देश की विश्वविद्यालयों के बीच लखनऊ विश्वविद्यालय का ३०वाँ स्थान है। विगत दो वर्षों मे लखनऊ विश्वविद्यालय ने फै रैंकिंग, TIMES रैंकिंग एवं NIRF रैंकिंग सहित देश–विदेश की अनेक प्रतिष्ठित रैंकिंगो मे महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर चुका है ।अंतर्राष्टीय ख्यातिप्राप्त शोध जर्नल नेचर द्वारा 1 दिसंबर 2020 से 30 नवंबर 2021 के दौरान प्रकाशित नैचुरल साइंसेज के चुने हुए 82 अंतर्राष्ट्रीय उच्च स्तरीय शोध जर्नलो में किसी संस्थान के प्रकाशन आउटपुट पर आधारित हैं। संस्थानों की रैंकिंग इन चुनिंदा जर्नल को उनके विषय क्षेत्रों के अग्रणी वैज्ञानिकों के एक स्वतंत्र पैनल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा के आधार पर करी जाती है। नेचर इंडेक्स रैंकिंग, नेचुरल साइंसेज के क्षेत्र मे विभिन्न शोध एवं शैक्षणिक संस्थानों के योगदान को दर्शाती है। कोविड महामारी के दौरान भी लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा हासिल यह रैंकिंग लखनऊ विश्वविद्यालय मे शोध के प्रति उत्कृष्ट रूझान को प्रदर्शित करती है । पिछले सालों की अपेक्षाकृत इस वर्ष लखनऊ विश्वविद्यालय की शोध गुणवत्ता मे भी गुणात्मक बढोत्तरी दर्ज हुई है (संलग्न ग्राफिक्स) जिसके कारण इस वर्ष लखनऊ विश्वविद्यालय की रैंकिंग मे वृद्धि हुई है । ज्ञात हो कि पिछले वर्ष नेचर इंडेक्स रैंकिंग मे लखनऊ विश्वविद्यालय को 94वा स्थान मिला था । विषय बार रैंकिंग में देश भार के सभी संस्थानों में विश्वविद्यालय के फिजिक्स विभाग को ५३वाँ तथा केमिस्ट्री विभाग को ७४वाँ स्थान हासिल हुआ। देश के विश्वविद्यालयों के बीच यें स्थान क्रमशः २१वाँ और ३८वाँ है । लखनऊ विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने इस उपलब्धि के लिए शोध से जुड़े सभी शिक्षकों एवं छात्रों को विशेष रूप से बधाई देते हुए कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय मे शोध कार्य को बढ़ावा देने के लिए पिछले दो वर्षो मे अनेक कदम उठाए गए हैं जिसमे शोध कार्य मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों एवं छात्रों के लिए प्रोत्साहन योजना, महिला शोध छात्राओं के लिए शोध मेधा योजना, नया पीजी आर्डिनेन्स लागू करना आदि प्रमुख हैं । उन्होंने कहा कि इससे न केवल विश्वविद्यालय का गौरव बढता है बल्कि शैक्षणिक कार्यो मे नवाचार एवं रचनात्मकता का विकास भी होता है । इसे ध्यान मे रखते हुए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति मे स्नातक स्तर पर भी रिसर्च कार्य को पाठ्यक्रम मे जोडा गया है और लखनऊ विश्विद्यालय इसे लागू करने वाला सभी विश्वविद्यालयों में पहला विश्वविद्यालय है।

आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

गोमती नगर जनकल्याण महासमिति का वार्षिकत्सव सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सीएमएस ऑडिटोरियम गोमती नगर विस्तार में गोमती नगर जन कल्याण महासमिति का वार्षिकोत्सव संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजनाथ सिंह रक्षामंत्री भारत सरकार व सांसद लखनऊ, विशिष्ट अतिथि बृजेश पाठक उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, अति विशिष्ट अतिथि आशुतोष टंडन विधायक पूर्वी, संयुक्ता भाटिया मेयर लखनऊ,योगेश शुक्ला विधायक बीकेटी, अमरीश रावत विधायक मोहनलालगंज,महेंद्र सिंह पूर्व मंत्री एवम् एमएलसी, रामचंद्र प्रधान एमएलसी,पवन सिंह चौहान एमएलसी, दिवाकर त्रिपाठी सांसद प्रतिनिधि की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि,विशिष्ट अतिथियो द्वारा

दीप प्रज्वलन कर भारत मां को पुष्पांजलि कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में महासमिति स्मारिका का विमोचन रक्षा मंत्री, उपमुखमंत्री द्वारा एवं विधायक गण एमएलसी गण एवं अन्य सदस्य गणों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महासमिति की कई महिलाओं द्वारा एवं कॉलेज की बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके लिए सभी महिलाओं एवं बच्चों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। महासमिति के अध्यक्ष प्रो डॉ बीएन सिंह एवं महासचिव डॉ राघवेंद्र शुक्ल द्वारा रक्षा मंत्री एवं बृजेश पाठक को महासमिति का मांग पत्र सौंपा गया एवं माननीय रक्षा मंत्री ने आश्वासन दिया है कि सभी समस्याओं का अति शीघ्र निस्तारण किया जाएगा।अंत में राष्ट्रगान कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में महासमिति के अध्यक्ष प्रो डॉ बीएन सिंह,महासचिव डॉ राघवेंद्र शुक्ल,कर्नल ए एन पाण्डेय, आलोक मिश्रा,रामदयाल मौर्या,केके मौर्य, शिव सेवक उपाध्याय,पशुपति पाण्डेय,नंदनी मिश्रा,अजय तिवारी, मनोज कुमार मिश्रा,श्याम उपाध्याय, विनोद तिवारी,कांति शर्मा,लक्ष्मी धामी,सुंदरम दुबे,अनामिका,मोनिका कुमारी, राम जी तिवारी,सुमित सिंह , एवं सभी वार्ड प्रभारी,खंड प्रभारी सभी उप खंड समितियों के अध्यक्ष, सचिव,कोषाध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त हाई कोर्ट जज,सेवानिवृत्त आईएएस सेवानिवृत्त पीसीएस,सेवानिवृत्त सेना के अधिकारी,सेवानिवृत्त बैंक कर्मचारी एवं गोमती नगर के सम्मानित नागरिक गण एवम् पार्षद गण सम्मिलित रहे।

जिला जज व विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष को बीके मुकेश भाई व बीके सुनीता बहन ने पुष्पगुच्छ देकर दी बधाई

अयोध्या।(सुरेन्द्र कुमार) अयोध्या जिले में पूर्व नियोजित कार्यक्रम अन्तर्गत राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 15 मई दिन रविवार को किया गया। जिसमे अनेको समस्याओ का समाधान वही मौके पर हुआ।

सूत्रों के आधार पर इस मौके पर रिकॉर्ड 60 हजार वादो का निस्तारण कर चौदह करोड़ की वसूली धनराशि करने एवं सुलह समझौतों से विवादों को निपटानें में विशेष सफलता मिली, जिसमें जनपद न्यायधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंद्रशीला का विशेष प्रयास रहा। जिस उपलक्ष में ब्रम्हाकुमारी आश्रम से वी.के मुकेश भाई और वी.के सुनीता बहन द्वारा उन्हें पुष्प गुच्छ देकर बधाई एवं शुभकामनाये दिया गया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

अपनीं निंदा को धैर्य से सुनना चाहिये, यह साबुन का काम करती है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

सम्पादकीय

चिंतन के निहितार्थः कांग्रेस ने फिर खोया एक अवसर

उदयपुर में संपन्न हुए चिंतन शिविर में राहुल गांधी ने नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालने की कोई इच्छाशक्ति नहीं दिखाई। कांग्रेस ने हालांकि अपनी वैचारिकता से जुड़ी धुंध साफ करने की कोशिश की, लेकिन उसमें स्पष्टता नहीं थी।

उदयपुर में संपन्न हुए कांग्रेस के चिंतन शिविर को एक खोए हुए अवसर के रूप में जाना जाएगा। चाहे वह नेतृत्व का मुद्दा हो, बड़े सुधार हों, भावुक मुद्दे पर स्पष्टता की बात हो या फिर सबसे पुरानी पार्टी में आधुनिकता लाने का मसला हो, उदयपुर में इन सब पर विचार–विमर्श और निर्णय आधे–अधूरे तरीके से हुआ, जिनमें शर्तें तो थीं, लेकिन भरोसे का अभाव था। चिंतन शिविर में जी–23–यानी कांग्रेस के बागी गुट की खामोशी भी उतनी ही खटकने वाली थी।

अगस्त, 2020 से ही इस बागी गुट ने खुद की छवि मुखर सुधारवादी और परिवर्तन के आकांक्षी की बना रखी है। लेकिन देश भर से आए पार्टी के 430 नेताओं और प्रतिनिधियों के बीच ये चुप रहे। कपिल सिब्बल शिविर में मौजूद नहीं थे, पर 15 अगस्त, 2020 को पार्टी नेतृत्व को लिखी जिस चिट्ठी से हलचल मच गई थी, उस पर दस्तखत करने वालों में गुलाम नबी आजाद, आनंद शर्मा, मुकुल वासनिक, भूपिंदर सिंह हुड्डा, पृथ्वीराज चव्हाण, शशि थरूर, विवेक तनखा, मनीष तिवारी और दूसरे लोग शिविर में थे। लेकिन इन तमाम लोगों ने चुप्पी साधे रखी। हां, यह सुगबुगाहट जरूर थी कि इनमें से कुछ लोग राज्यसभा में जाना चाहते हैं। इसी कारण कभी प्रसिद्ध और अनुशासनप्रिय छवि वाले, लेकिन फिलहाल बेहद कमजोर हाई कमान को चिंतन शिविर में इन बागियों पर हावी होने में आसानी हुई।

पार्टी नेतृत्व का बेहद महत्वपूर्ण मुद्दा अनुत्तरित रहा। शिविर में एकाधिक कांग्रेस नेताओं ने सार्वजनिक तौर पर राहुल गांधी को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का 87वां अध्यक्ष चुने जाने की मांग की। हैरान करने वाली बात यह है कि अब तक जो नेता राहुल गांधी के नेतृत्व और उनके कामकाज के तौर–तरीके का विरोध कर रहे थे, उनमें से भी कुछ ने राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाए जाने की मांग यह सोचकर की कि खुद गांधी परिवार की तरफ से इसका विरोध होगा। राहुल गांधी ने भी नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालने की कोई इच्छाशक्ति नहीं दिखाई। चिंतन शिविर में राहुल गांधी की देहभाषा कभी ऐसी लगी ही नहीं कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में वह कांग्रेस का नेतृत्व करने के इच्छुक हैं। हालांकि कुछ पार्टी नेताओं ने बेहद आश्वस्त अंदाज में कहा कि कांग्रेस में नेतृत्व के मुद्दे का निर्णय पहले ही हो चुका है और राहुल गांधी का अध्यक्ष बनना तय है।

राहुल गांधी की टीम को पंचायत से लेकर संसद तक में लगा दिया गया है, जिसका पार्टी में हर पद और जगह पर नियंत्रण है। कांग्रेस के नए अध्यक्ष का कार्यकाल वर्ष 2022 से 2027 तक होने वाला है। उनका तर्क है कि क्या गांधी परिवार से बाहर के किसी व्यक्ति को कांग्रेस इतने लंबे समय तक अध्यक्ष बनाए रख सकेगी? सवाल यह भी है कि तीन गांधियों–यानी सोनिया गांधी, राहुल और प्रियंका की मौजूदगी में गांधी परिवार से बाहर का कोई अध्यक्ष क्या स्वतंत्र रूप से अपनी जिम्मेदारी निभा पाएगा। उदयपुर में इन सवालों का कोई जवाब नहीं मिला। 'कोटे के भीतर कोटा', यानी कि महिला आरक्षण विधेयक पर पार्टी की सहमति न सिर्फ प्रतिगामी है, बल्कि इससे साफ है कि कांग्रेस ने समय बीत जाने पर इस पर अपना विचार बदला है। अगर कांग्रेस ने महिला आरक्षण विधेयक में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और दूसरे पिछड़े वर्ग की महिलाओं के कोटे पर सहमति जताई होती, जिससे कि लोकसभा और विधानसभाओं की एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हो जातीं, तो वह विधेयक तब पारित हो जाता।

गौरतलब है कि वर्ष 2010 में कांग्रेस ने, जो तब केंद्र में गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रही थी, महिला आरक्षण विधेयक पेश किया था, लेकिन मुलायम सिंह यादव, लालू प्रसाद यादव और शरद यादव के विरोध के कारण, जो महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण के भीतर मुस्लिम, दलित और पिछड़े वर्ग की महिलाओं को आरक्षण देने की मांग कर रहे थे, कांग्रेस इस विधेयक को पारित नहीं करवा पाई थी। तब मुलायम, लालू और शरद यादव जैसे नेताओं का कहना यह था कि महिला आरक्षण विधेयक को उसके मौजूदा स्वरूप में पारित करवा देने का फायदा मुख्य रूप से ऊंची जातियों की महिलाओं को ही होगा। महिलाओं को आगे न बढ़ने देने का नतीजा यह है कि संसद में महिला सांसदों के प्रतिशत के मामले में 193 देशों की सूची में भारत 148 वें स्थान पर है।

चिंतन शिविर में कांग्रेस नेताओं ने संगठन को नया रूप देने के लिए एक पुराने प्रस्ताव पर विचार किया, जिसमें ब्लॉक, मंडल, शहर और जिला स्तर पर कांग्रेस कमेटियों को भंग कर उनकी जगह पोलिंग बूथ तथा लोकसभा व विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी इकाइयां गठित करने की बात हुई। पर कुछ नेताओं ने यह कहते हुए इसका विरोध किया कि इससे कांग्रेस की छवि सामाजिक बदलाव लाने और बुनियादी स्तर पर काम करने वाली पार्टी के बजाय चुनावी मशीन की बन जाएगी।

चिंतन शिविर में कांग्रेस ने अपनी वैचारिकता से जुड़ी धुंध साफ करने की कोशिश की, लेकिन उसमें स्पष्टता नहीं थी। धर्म को प्रमुखता देने तथा सेक्यूलरिज्म जैसे शब्दों पर तीखी बहस हुई, जिसमें उत्तर और दक्षिण भारत का विभाजन साफ दिखता था। कमलनाथ और भूपेश बघेल समेत उत्तर प्रदेश के कुछ नेताओं ने धर्म से जुड़ाव प्रदर्शित करने वाले कार्यक्रम शुरू करने की मांग की। दूसरे शब्दों में, कांग्रेस नेताओं को 'दही हांडी' प्रतियोगिताओं का आयोजन करने, जिला और प्रदेश कमेटी के कार्यालयों में गणेश की प्रतिमा स्थापित करने और स्थानीय स्तर पर नवरात्रि मनाए जाने का प्रस्ताव रखा गया। लेकिन कार्यसमिति के सदस्यों बी.के. हरिप्रसाद और डॉ. चिंता मोहन के अलावा दक्षिण भारत के दूसरे नेताओं ने इसका विरोध करते हुए कहा कि राजनीति को धर्म से जोड़ने का मतलब भाजपा की पिच पर जाना होगा।

मई, 2014 के बाद से ही विचारधारा से जुड़ी कांग्रेस की दुविधा ज्यादा स्पष्टता के साथ सामने आई है, लेकिन इस दरम्यान पार्टी का नेतृत्व करने वाले यानी सोनिया और राहुल गांधी ने वैचारिक दृढ़ता दिखाने के बजाय इस मुद्दे की अनदेखी ही की है। बल्कि दिसंबर, 2017 से मई, 2019 तक कांग्रेस अध्यक्ष के तौर पर राहुल गांधी मंदिरों में पहुंचते और इफ्तार का आयोजन करते दिखे। ऐसे में, उदयपुर शिविर में धार्मिक कार्यक्रमों से जुड़ने का कांग्रेस का प्रस्ताव वास्तव में समझने लायक है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

हत्या के प्रयास में सास–ससुर को बहू पहुँचाना चाहती थी जेल पर एफटीसी कोर्ट के आदेश से मंशा हुई फेल

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : हत्या के प्रयास मामले में मुल्जिम बने आरोपी युवक के अलावा पुलिस की जांच में क्लीन चिट पा चुके उसके माँ–बाप को भी अभियुक्त बनाने का प्रयास करने वाले अभियोजन पक्ष को एफटीसी प्रथम की अदालत से बड़ा झटका लगा है। एफटीसी जज कल्पराज सिंह की अदालत ने मौजूद अभियोजन साक्ष्यों के आधार पर पति–पत्नी को बतौर अभियुक्त तलब करना उचित न मानते हुए अर्जी खारिज कर दी है,जिससे अभियोजन पक्ष को बड़ा झटका लगा है। मामला मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के रसूलाबाद गांव से जुड़ा है। जहां पर हुई घटना का जिक्र करते हुए कोटिया–कुड़वार के रहने वाले अभियोगी मुईन खान ने 14 दिसंबर 2018 की घटना बताते हुए मुकदमा दर्ज कराया। आरोप के मुताबिक उसकी बहन हकीमुल निशा पत्नी गयासुद्दीन के ससुर बदरुद्दीन ने अपने दूसरे लड़के फरीदुद्दीन को घर बनाने के लिए जमीन बताई,जिसके बाद फरीदुद्दीन अपने पिता के जरिये दी गई जमीन पर मकान निर्माण कराने के लिए सामान गिरवाने लगा तो अभियोगी की बहन से यह सब होता देख रहा नहीं गया तो वह तत्काल खुद के लिए भी जमीन की मांग करने लगी। आरोप के मुताबिक इसी बात को लेकर बात इतनी बढ़ गई कि फरीदुद्दीन अपने हाथ में धारिया लेकर, बदरुद्दीन अपने हाथ में कुल्हाड़ी लेकर व सायरा बानो ने हसिया लेकर जान से मार डालने की नीयत से हकीमुल पर हमला कर दिया। इस मामले में अभियोगी मुईन खान की तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ। जिसके पश्चात बदरुद्दीन की पुत्री फिरदौस जहां ने पुलिस अधीक्षक अमेठी समेत अन्य अधिकारियों को पत्र भेजकर निष्पक्ष जांच की मांग की और अभियोगी मुईन खान एवं उसकी बहन हकीमुल निशा के जरिए महज जमीनी के लालच में दबाव बनाने के लिए फर्जी तरीके से मामला बनाने की बात कही। तफ्तीश के दौरान गवाहों के बयान एवं मौजूद मेडिकल रिपोर्ट व अन्य साक्ष्यों के आधार पर विवेचक ने नामजद आरोपी बदरुद्दीन एवं उसकी पत्नी सायरा बानो की भूमिका नहीं पाई,जिसके आधार पर विवेचक ने नामजद बदरुद्दीन व उसकी पत्नी सायरा बानो को क्लीन चिट दे दी और अकेले फरीदुद्दीन के खिलाफ मामले में आरोप–पत्र दाखिल किया। मामले का विचारण मौजूदा समय में एफटीसी प्रथम की अदालत में चल रहा है। मामले में अभियोगी मुईन खान एवं हकीमुल निशा की गवाही भी हो चुकी है। गवाही में आए तथ्यों के आधार पर अभियोजन पक्ष ने बदरुद्दीन व उसकी पत्नी सायरा बानो को भी बतौर अभियुक्त तलब करने के लिए दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा–319 के अंतर्गत अर्जी दी। जिस पर सुनवाई के दौरान उभय पक्षो ने अपने–अपने साक्ष्य व तर्क पेश किए।उभय पक्षो को सुनने के पश्चात एफटीसी जज कल्पराज सिंह ने एफआईआर, मेडिकल रिपोर्ट एवं गवाही के दौरान सामने आए कथन समेत अन्य तथ्यों के दृष्टिगत अभियोजन की कहानी को सटीक न मानते हुए बदरुद्दीन व उसकी पत्नी सायरा बानो को बतौर अभियुक्त तलब करना जायज नहीं माना और अभियोजन पक्ष की अर्जी को खारिज कर दिया। अदालत ने अभियोजन की अर्जी खारिज कर मामले में शेष साक्ष्य के लिए 30 मई की तारीख तय की है। अदालत के इस आदेश से बदरुद्दीन व उसकी पत्नी सायरा को बतौर अभियुक्त तलब कराने की मंशा रखने वाली बहू व उसके भाई को बड़ा झटका लगा है।

शहर में डिवाइडर निर्माण को लेकर सांसद मेनका संजय गांधी ने प्रकट की नाराजगी

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : नगर के चौड़ीकरण योजना में डिवाइडर निर्माण को लेकर सांसद मेनका संजय गांधी ने निर्माणकर्ता ठेकेदार व पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता डी.के अहिरवार के प्रति गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कड़ी फटकार लगाई है। सांसद मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी दी कि श्रीमती गांधी ने इसके पूर्व दिशा बैठक में कहा था कि डिवाइडर पर छायादार गुलमोहर,अमलतास आदि के पौधे लगाए जाएंगे।जिसके बाद अमहट से बस स्टेशन मार्ग पर जब उन्हें नवनिर्मित डिवाइडर की चौड़ाई इतनी कम दिखाई पड़ी कि उस पर पौधरोपण करना संभव ही नही है,तब उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि डिवाइडर की चौड़ाई तत्काल बढ़ाकर डेढ़ से दो फीट की जाए नहीं तो वह नवनिर्मित डिवाइडर के ध्वस्तीकरण के लिए कार्रवाई करेंगी।

30 मई से 15 जून तक सेवा सुशासन और गरीब कल्याण पखवाड़ा चलाएगी भाजपा

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी की आगामी कार्यक्रमों को लेकर एक अहम बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आर.ए. वर्मा की अध्यक्षता व प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी शंकर गिरि की मौजूदगी में बीजेपी जिला कार्यालय पर आयोजित हुई। जिला पदाधिकारियों व विधायकों की संयुक्त बैठक में मोदी सरकार के 30 मई को 8 साल पूरे होने पर भाजपा 8 अभियानों व कार्यक्रमों के माध्यम से जनता के बीच में जाएगी। बैठक में स्थानीय निकाय चुनाव व 21 जून को मनाए जाने वाले विश्व योग दिवस के कार्यक्रमों पर भी चर्चा की गई।भाजपा के प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी शंकर गिरि ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार के 30 मई को 8 वर्ष पूर्ण होने वाले हैं।जिसके उपलक्ष्य में पार्टी 30 मई से 15 जून तक सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण पकवाड़ा का आयोजन करेगी। जिसके साथ पार्टी के मंडल और उसके ऊपर के पदाधिकारी, मोर्चा व प्रकोष्ठों के पदाधिकारी 75 घंटे अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति पिछड़ा वर्ग किसानों युवाओं महिलाओं अल्पसंख्यकों के बीच जाकर के केंद्र सरकार की ओर से जनहित में किए जा रहे कार्यों और उपलब्धियों की चर्चा करेंगे।भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.आरए. वर्मा ने बताया कि कि मोदी सरकार के 8 साल पूरा होने पर पार्टी 8 अभियानों व कार्यक्रमों के माध्यम 30 मई से 15 जून तक बूथों पर घर– घर जाकर दस्तक देगी केंद्र सरकार की उपलब्धियों का पत्रक बांटेगी। पार्टी

प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया की 8 अभियानों में रिपोर्ट टू नेशन, 1 से 14 जून तक बूथ संपर्क अभियान, विकास तीर्थ बाइक रैली 7 से 13 जून, गरीब कल्याण जनसभा 1 जून से 13 जून के बीच, 21 जून को विश्व योग दिवस,बूथ सशक्तिकरण अभियान 25 मई से 31 जुलाई व स्थानीय निकाय चुनाव आदि को लेकर कार्यक्रम किए जाएंगे। रविवार को ही बैठक में प्रमुख रूप से काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष संतबख्श सिंह चुन्नू,काशी क्षेत्र महामंत्री सुशील त्रिपाठी, एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, सीताराम वर्मा, विधायक राजेश गौतम, बबिता जायसवाल, प्रवीन कुमार अग्रवाल, आनन्द द्विवेदी,अनीता पाण्डे,प्रीति प्रकाश, विजय सिंह रघुवंशी, सुनील वर्मा ,आलोक आर्या, विजय त्रिपाठी, संदीप सिंह,धर्मेंद्र कुमार, घनश्याम चौहान,मनोज मौर्या, प्रदीप शुक्ला, आशीष सिंह रानू ,राजेश सिंह, चन्दन नारायण सिंह,रेखा निषाद, जियालाल त्यागी,गोविंद तिवारी टाड़ा, संजय उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

थाना जफराबाद पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन मे अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर जौनपुर के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष जफराबाद श्री राजा राम द्विवेदी के कुशल नेतृत्व मे उ0नि0 श्री राजीव मल्ल मय हमराह हे0का0 शिवप्रकाश यादव के थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 78ध्2022 धारा 323ध्326ध्504 भादवि मे नामित अभियुक्त मायाशंकर पुत्र सुखदेव नि0 ग्राम भुवालापट्टी थाना जफराबाद जौनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण– 1. मायाशंकर पुत्र सुखदेव नि0 ग्राम भुवालापट्टी थाना जफराबाद जौनपुर। पंजीकृत अभियोग– 1.मु0अ0सं0 78/2022 धारा

323/326/504 भादवि थाना जफराबाद जौनपुर । गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1. उ0नि0 श्री राजाराम द्विवेदी,थानाध्यक्ष जफराबाद जौनपुर 2. उ0नि0 श्री राजीव मल्ल , हे0का0 शिवप्रकाश यादव जफराबाद जौनपुर।

लाइट ऑफ एशिया : महात्मा बुद्ध का ज्ञान देश और दुनिया के लिए कल्याणकारी : अम्बरीष

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : शिव सत्संग मण्डल के केन्द्रीय संयोजक अम्बरीष कुमार सक्सेना के अनुसार भगवान बुद्ध ने मानव जाति के कल्याण के लिए सत्य की खोज करके सर्व समाज को उपदेश दिया था।पूरी दुनिया में भगवान बुद्ध की 63 देशों में पूजा होती है। भगवान बुद्ध को मानने वाले देश बहुत विकसित हैं।भगवान बुद्ध ने वैज्ञानिक धर्म की खोज की थी। आज देश और दुनिया में फैली अशांति को समाप्त करने के लिए बुद्ध धर्म की आवश्यकता है। महात्मा बुद्ध का जन्म इक्ष्वाकु वंश के क्षत्रिय कुल में राजा शुद्धोधन के घर में हुआ था। उनकी मां का नाम महामाया था। जिनका बुद्ध के जन्म के एक सप्ताह बाद निधन हो गया।उनका पालन पोषण महारानी की छोटी सगी बहन महाप्रजापति गौतमी ने किया। जो महामाया की मृत्यु के बाद राजा शुद्धोधन की दूसरी रानी बनी। इनका बचपन का नाम सिद्धार्थ रखा गया। सिद्धार्थ के बचपन के गुरु का नाम विश्वामित्र था। जिनसे उन्होंने वेदों एवं उपनिषदों की शिक्षा ग्रहण की और उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा जैसे राज काज और युद्ध विद्या की शिक्षा ली। बचपन से लेकर युवा अवस्था तक उन्होंने कुश्ती, घुड़दौड़, तीर कमान ,रथ हांकना आदि शिक्षायें ग्रहण की। 16 वर्ष की उम्र में सिद्धार्थ का विवाह यशोधरा नाम की कन्या से हुआ। पिता के द्वारा बनाए ऋतुओं के अनुरूप बनाए गए वैभवशाली और समस्त भोग–बिलासों से युक्त महल में यशोधरा के साथ रहने लगे। यहां उन्हें यशोधरा से एक पुत्र का जन्म हुआ। जिसका नाम राहुल रखा गया। जब सिद्धार्थ एक छोटा बालक था। तब कुछ विद्वान संतो ने भविष्यवाणी की थी। कि यह लड़का या तो एक चक्रवर्ती राजा बनेगा या एक महान संत बनेगा। परंतु उनके पिता सिद्धार्थ को एक राजा बनाना चाहते थे। इसलिए उन्होंने उन्हें विलासिता की सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई और उन्हें किसी भी प्रकार के धार्मिक, आध्यात्मिक ज्ञान से दूर रखा। उनके पिता शुद्धोधन सिद्धार्थ को मानव जीवन की कठिनाइयों और दुखों के बारे में जानने देना नहीं चाहते थे। क्योंकि वह डरते थे कि कहीं इस तरह के ज्ञान से उनका पुत्र सन्यास की ओर न बढ़ जाये। इसलिए उन्होंने अपने बेटे को आध्यात्मिकता से दूर करने के लिए बहुत से प्रयत्न किए और उन्हें उम्र बढ़ने और मृत्यु जैसी प्रक्रियाओं के ज्ञान से दूर ही रखा। परंतु एक अंतराल बाद पूरा जीवन महलों तक सीमित रहने के कारण युवा सिद्धार्थ महल से बाहर जाने के लिए उत्सुक हो गए और वे अपने सारथी के साथ नगर भ्रमण के लिए निकल पड़े। नगर में यात्रा करते समय उनके मन में वैराग्य उत्पन्न करने वाले चार दृश्यों को उन्होंने देखा। जर्जर शरीर वाला बूढ़ा व्यक्ति,रोगी व्यक्ति ,एक अर्थी और बहुत प्रसन्न मुद्रा में सन्यासी को देखा। इन दृश्यों को देखने के बाद उन्होंने सारथी से पूछा तो

सारथी ने कहा कि हर व्यक्ति के जीवन में बुढ़ापा आने पर वह रोगी हो जाता है और रोगी होने के बाद मृत्यु को प्राप्त करता है। फिर उन्होंने चौथे दृश्य सन्यासी के बारे में पूछा तो सारथी ने कहा कि एक संन्यासी ही है। जो मृत्यु के पार अर्थात मोक्ष के लिए जीवन की खोज में निकलता है। यह सब जानने के बाद सिद्धार्थ के मन में वैराग्य उत्पन्न हो गया। सिद्धार्थ ने सभी तरह के भोग– विलास अर्थात महलों तथा शारीरिक सुखों को त्याग कर वैराग्य का रास्ता चुनने का निर्णय लिया और पुत्र जन्म के कुछ समय पश्चात ही उन्होंने संन्यास ग्रहण कर लिया। वैराग्य उत्पन्न होने के बाद 29 वर्ष की उम्र में भगवान बुद्ध ने गृह त्याग कर दिया और जन्म से लेकर मरण तक अर्थात प्रकाश व सच्चाई की खोज में घर से निकल गए। सन्यासी होने के बाद भी सिद्धार्थ गौतम को अभीष्ट ज्ञान नहीं मिला। जन्म–मरण से संबंधित अनेक प्रश्नों के उत्तर उन्हें नहीं मिले। अतः तब उन्होंने अकेले साधना करने का निश्चय किया। निरंजना नदी पार करके वे धंगश्री पर्वत पर पहुंचे। यहां उन्होंने जंगल में अपने पांच अन्य साथियों के साथ शरीर पीड़ा तप करने लगे। आत्म पीड़न करते वक्त गौतम ने शरीर को अत्यधिक कष्ट दिए कई दिनों तक भोजन से विरक्त रहे। इसके चलते वे शरीर से बहुत दुर्बल हो गए थे। अचानक उन्हें लगा कि शरीर और चित् एक ही अस्तित्व के अंग हैं। तब उन्होंने संकल्प किया कि स्वास्थ्य संभाल कर साधना करेंगे। उसके तत्पश्चात वह उरुवेला ग्राम में पीपल वृक्ष (बोधि वृक्ष) के नीचे पद्मासन लगाकर बैठे और साधना करने लगे।वहीं सिद्धार्थ को सच्चा ज्ञान अर्थात आत्मबोध प्राप्त हुआ। तभी से वे बुद्ध कहलाये। जिस पीपल के वृक्ष के नीचे सिद्धार्थ को बोध मिला वह बोधिवृक्ष कहलाया।वह स्थान बोधगया है। ज्ञान की प्राप्ति होने के बाद वे बेहद सरल पाली भाषा में धर्म का प्रचार– प्रसार करते रहे। उनके धर्म की लोकप्रियता तेजी से बढ़ने लगी। काशी के पास मृंगदाव वर्तमान के सारनाथ पहुंचे। वही पर उन्होंने अपना पहला धर्मोपदेश दिया। उन्होंने जाना कि जिसका निर्माण होता है। वह एक दिन नष्ट भी होता है। अतः जीवन सागर की लहरों जैसा है। लहरें कभी उठती हैं। तो कभी गिरती हैं। मगर सागर का ना तो जन्म होता है। ना ही मृत्यु होती है। जीवन में जन्म से लेकर मरण तक की सभी घटनाओं तथा लोभ, तृष्णा, अहंकार,दुख का निवारण कैसे करें इन सभी रहस्यों को जाना उनका गहन अध्ययन किया।और उन्होंने सभी रहस्यो को जाना बाद में उन्होंने इन्हें चार आर्य सत्य कहा। 35 वर्ष की उम्र में उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई। उसके पश्चात वे सिद्धार्थ से गौतम अर्थात सम्यक बुद्ध हुए और बुद्ध कहलाए। उन्होंने संपूर्ण जगत का परम ज्ञान प्राप्त कर लिया था। आज का दिन गौतम बुद्ध के अनुयायियों के लिए खास है। भगवान बुद्ध ने पूरी दुनिया को शांति और सद्भावना का संदेश दिया। बौद्ध बिहारों मे विशेष तौर पर झांकी सजाई जाती है। वैसाख महीने की पूर्णिमा के दिन ही भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था।इसी दिन उनका महापरिनिर्वाण हुआ।इस दिन पवित्र नदियों में स्नान का विशेष महत्व है।

अपराध समीक्षा बैठक : पुलिसकर्मियों को थाने में आने वालों के साथ अच्छा व्यवहार करने के निर्देश

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : महिला सशक्तिकरण, बाल उत्पीड़न ,रात्रि गश्त, थाना दिवस की शिकायतों का निस्तारण, कच्ची शराब पर पाबंदी, बीट सूचना, हिस्ट्रीशीटर व गैंगस्टर सूचना समेत कई बिंदुओं पर कोतवाल डीके सिंह ने चर्चा की। पिहानी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक डीके सिंह ने सोमवार को थाना परिसर में उप निरीक्षक व पुलिसकर्मचारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने चौकी प्रभारियों, राइडर व पीसीआर इंचार्ज को प्रभावी रूप से सांयकालीन व रात्रि गश्त करने के आदेश दिए। पुलिसकर्मियों को मोटर वाहन अधिनियम के तहत नियमों की उल्लंघना करने वाले वाहन चालकों के चालान करने के भी निर्देश दिए। कोतवाल डीके सिंह ने उप निरीक्षक व पुलिसकर्मियों को सख्त आदेश देते हुए कहा कि महिला विरूद्ध अपराध में आरोपित को जल्द गिरफ्तार कर अभियोग का शीघ्र निपटारा किया जाए। चोरी की वारदातों को रोकने के लिए पुलिस सांयकालीन व रात्रि गश्त प्रभावी ढंग से करें। स्थानीय एवं विशेष अधिनियम के तहत अवैध हथियार बरामदगी, मादक पदार्थ बरामदगी के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। साथ ही उसके स्त्रोत का भी पता लगाया जाए। उन्होंने कहा कि शांति समिति के सदस्यों के साथ समय पर बैठक करें, जिससे पुलिस व जनता के बीच आपसी समन्वय बना रहे। कोतवाल डीके सिंह ने बैठक में चौकी प्रभारियों व पुलिसकर्मियों के साथ चर्चा करते हुए कहा कि चिह्नित अपराधों में पर्यवेक्षण अधिकारी घटनास्थल पर जाकर अनुसंधानकर्ता को निर्देश दें। आपराधिक प्रवृति वाले व्यक्ति को हर हाल में सलाखों के पीछे भेजने का काम

करें। थाने में कोई भी व्यक्ति शिकायत लेकर आता है तो उसकी पूरी समस्या को सुनें व उसे न्याय देने का काम करें। थाने में आने वाले लोगों के साथ अच्छा व्यवहार करें। पुलिसकर्मी हर संभव सतर्क रहकर ड्यूटी करते हुए लोगों के जानमाल की सुरक्षा करें। अपराध समीक्षा बैठक में कोतवाल डीके सिंह ने कहा कि सभी अपने क्षेत्र में होटल, रेस्टोरेंट इत्यादि की समय–समय पर चेकिग करें। थाने में खड़े पुराने वाहनों, पुरानी मदों, शराब की मदों का शीघ्र निपटारा करवाया जाए। पीओ, बेल जंपर की जमानत रद करवाते हुए कानूनी प्रक्रिया के तहत संपत्ति कुर्क प्रक्रिया को भी सुचारू रूप से चलाएं। पीओ, बेल जंपर, अति वांछित अपराधियों, पैरोल जंपर को मेहनत व परीक्षण कर गिरफ्तार किया जाए। सीएम विडो, हरसमय पोर्टल, साइबर डेस्क या अन्य आयोगों से प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर जल्द निपटारा किया जाए। उन्होंने कहा कि क्राइम–करप्शन पर जीरो टोलरेंस की नीति हर हाल में सुनिश्चित की जाए। इनके अलावा लंबित मुकदमों का जल्द निपटारा करें तथा न्यायालय में चल रहे मुकदमों की बेहतर ढंग से पैरवी करें।

लायंस क्लब गोमती के नए अध्यक्ष देवेश गुप्ता सचिव हसनैन कमर व कोषाध्यक्ष डॉ राजेश मौर्या बनाये गए

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लायन्स क्लब गोमती के नव सत्र 2022–23 के लिए चुनाव – चयन प्रक्रिया के तहत पूर्व अध्यक्ष अशोक गुप्ता के ओलन्दगंज स्थित कार्यालय पर चुनावी सभा अध्यक्ष लायन धीरज गुप्ता की अध्यक्षता मे चुनाव अधिकारी निवर्तमान अध्यक्ष लायन प्रतिमा गुप्ता के दिशा निर्देश मे सम्पन्न हुआ। जिसमे सर्वसम्मति से अध्यक्ष हेतु देवेश गुप्ता सचिव के लिए सैय्यद हसनैन कमर 'दीपू'' व कोषाध्यक्ष पद पर डा. राजेश मौर्या इसी क्रम मे महिला शाखा के लिए अध्यक्ष निधि गुप्ता सचिव तसनीम फात्मा व कोषाध्यक्ष पद पर डा.रश्मि मौर्या का चयन किया गया। उक्त अवसर पर चार्टर अध्यक्ष डा. जी. सी सिंह ने आर्शिवचन देते हुए नई टीम को शुभकामनाएं दिया इसी क्रम मे पूर्व मण्डल कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता ने कहा की नई चयनित टीम उर्जा से ओत–प्रोत है आप सभी से अपेक्षा है की सेवा कार्य के नये आयाम स्थापित करते हुए लायंस क्लब गोमती को मण्डल मे नये आयाम पर ले जायेंगे। इस अवसर पे उपस्थित सभी सदस्यो ने सभी चयनित नई टीम का माल्यार्पण कर स्वागत कर व उत्साहवर्धन किये। नव चयनित अध्यक्ष देवेश गुप्ता ने कहां की जो रास्ता अध्यक्ष धीरज जी ने दिखाया है उसपे चल कर आप सभी के सहयोग व सुक्षाव से लायंस क्लब गोमती को नई उचाई पर ले जाने का सार्थक प्रयास करूंगा। सभा के अन्त मे अपने अध्यक्षीय उध्बोधन मे धीरज जी ने सभी नव चयनित अधिकारीयो को अपनी शुभकामनाएं दी। और सभी को आश्वासन दिया की जौनपुर गोमती की स्थाई परियोजना अन्तिम संस्कार स्थल रामघाट के द्वितीय तल पर जो सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है उसे पूरा कर जिले की जनता को समर्पित कर दिया जायेगा। सभा का संचालन सचिव गौरव श्रीवास्तव ने किया व सभी का आभार कोषाध्यक्ष शिव शंकर साहनी ने किया। सभा मे डा. सुलोचना सिंह, बीरेन्द्र सिंह, धनन्जय पाठक, अरूणा गुप्ता, अनिल अग्रहरि, शशिलता, अनिल पाण्डेय, अरूणा पाण्डेय व सुनील आदि सदस्य उपस्थित रहे।

जंघई स्टेशन का निर्माण कार्य हुआ तेज : मूलभूत सुविधाओं का है अभाव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जंघई जंक्शन रेलवे स्टेशन पर महाप्रबंधक के दौरे के बाद स्टेशन के सुन्दरी करण की गति मे तेजी आयी है यात्री प्रतीक्षालय व निकासी द्रार का निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है। अभी तक यहा मूलभूत सुविधाओ का अभाव रहा है। वाराणसी प्रतापगढ़ रेलवे रुट पर स्थित जंघई जंक्शन रेलवे स्टेशन पर एक बडा जंक्शन रेलवे स्टेशन है यहा से यात्री वाराणसी प्रतापगढ़ लखनऊ प्रयागराज व जौनपुर के लिए ट्रेनो की अदला बदली करते है ।जंघई जंक्शन रेलवे स्टेशन की वार्षिक आय 20 करोड है ।यहा अभी तक मुलभुत सुविधाओं का टोटा था कोरोना काल से पहले लगभग दो वर्ष पुर्व इसके नल निर्माण का कार्य जरुर शुरू हुआ था पर काम मे तेजी नही पकड पाया था लगभग 67 करोड की लागत से शुरु हुआ कार्य की लागत और बढने की संभावना है ।अब तक सिर्फ पावर केविन व कर्मचारियों की विल्डिंग इलेक्ट्रॉनिक भवन ट्रेन रिपेयरिंग यार्ड का ही निर्माण हो पाया है । 25 अप्रैल को उतर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल ने निरिक्षण किया था काम धीमा होने पर नाराजगी जताया था। जिसके बाद अब काम तेजी से शुरू कराया गया है जिसके लिए मेन गेट के पास यात्री प्रतीक्षालय की विल्डिंग उसके पश्चिम तरफ मेन गेट का निर्माण कार्य शुरु कराया गया है प्लेट फार्म एक दो तीन चार पांच का भी निर्माण कार्य शुरु कराया गया है कार्य मे तेजी से लोगो मे खुशी है फिलहाल स्टेशन के कार्याकल्प होने मे अभी दो साल से ज्यादा समय लगने की संभावना है। डीआरएम लखनऊ सुरेश कुमार सप्रा ने बताया की जंघई स्टेशन के सौन्दर्यीकरण के काम मे तेजी लाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारीयो को दिये गये है।

जौनपुर में भी बनेगा स्पोर्ट्स कालेज और खेल में पदक प्राप्त खिलाड़ियों को मिलेगी सरकारी नौकरी : मंत्री गिरीश चंद्र यादव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जेसी माडर्न इंटर कालेज कलापुर में रविवार को आयोजित सम्मान समारोह में देर रात पहुंचे युवा कल्याण एवं खेल राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि जौनपुर जिले में भी बहुत जल्द स्पोर्ट्स कालेज खोला जायेगा। इसके लिए जमीन की तलाश भी कर ली गई है। इसके अलावा किसी भी खेल में पदक प्राप्त करने वाले सभी खिलाड़ियों को अति शीघ्र सरकारी नौकरी दी जायेगी। इसके लिए राज्य सरकार ने कवायद शुरू कर दी है। ग्रामीण क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देने के लिए युवक मंगल दल को खेल सामग्री जल्द ही मुहैया करायी जायेगी। उन्होंने कार्यक्रम में देर से आने को लेकर क्षमायाचना करने के बाद मौजूद छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा वह विधा है जिससे सब कुछ संभव है। जिसमें बुनियादी शिक्षा का सबसे बड़ा असर होता है। जिस प्रकार से नींव मजबूत होने से मकान कितना भी ऊंचा हो जल्दी ढहता नहीं। ठीक वैसे शुरुआती शिक्षा का असर पूरे जीवन भर होता है। उन्होंने कहा कि छात्रों को पाठचर्या के साथ साथ संस्कार और तकनीकी ज्ञान भी दे शिक्षक। ताकि आधुनिक भारत का अभ्युदय हो सके।

मंत्री ने बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि इनके दक्ष होने से दो कुलो को लाभ पहुंचता है। क्यो कि माता ही बच्चे की प्रथम शिक्षिका होती है। कार्यक्रम की शुरुआत मंत्री ने कालेज प्रांगण में स्थित सम्राट अशोक मौर्य की प्रतिमा का माल्यार्पण और देवी सरस्वती का पूजन और दीप प्रज्ज्वलन कर किया। अवकाश प्राप्त वयोवृद्ध शिक्षक रामासरे उपाध्याय द्वारा गाये गये स्वागत गीत सुन सभी मंत्रमुग्ध हो गये। विधालय प्रबंधक इंद्रसेन मौर्या ने आगतो का स्वागत किया। इस मौके पर राजेश्वर मौर्या, मदनलाल सोनी मंडल अध्यक्ष गभिरन, मदन राजभर, अनिल विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता कमला प्रसाद सिंह व संचालन हरिश्चंद्र यादव ने किया। प्रधानाचार्य सुमन मौर्या ने आगन्तुकों के प्रति आभार प्रकट किया।

महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पूर्व विधायक पंडित राजबली उपाध्याय को दी गई श्रद्धांजलि

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था जज कॉलोनी जौनपुर के तत्वाधान में महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पूर्व विधायक पंडित सूर्यनाथ उपाध्याय के जेष्ठ पुत्र पंडित राजबली उपाध्याय के याद में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता करते हुए पंडित गोविंद बल्लभ पंत स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रतापगंज के पूर्व प्रधानाचार्य डॉ दिवेश उपाध्याय ने कहा कि पंडित राजबली उपाध्याय वह बहुत ही सहज सरल व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे उनकी बड़ी लोकप्रियता थी उनका पूरा जीवन गरीबों पीड़ितों की समाज सेवा के प्रति समर्पित रहा । वह बहुत ही बहादुर व्यक्ति थे उनका गरीबों के प्रति किए गए कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है समाज का उनके जाने से एक अपूरणीय क्षति हुई है। मुख्य अतिथि डॉ राकेश उपाध्याय ने कहा कि पंडित राजबली उपाध्याय वह एक महान शख्सियत थे उनके जीवन का एक ही मूल मंत्र था निश्चय, निर्भीक और न्याय प्रियता ।यही उनकी तीनों शपथ और सोच थी इसी मूल मंत्र के आधार पर वह पूरा जीवन समाज के लिए समर्पित किया कर दिया। बहुत ही दृढ़ निश्चय और न्याय भी व्यक्ति थे । जिस बात के लिए वो दृढ़ हो जाते थे उस पर वह कभी पीछे नहीं हटते थे बड़ी सरलता आदर व सेवा भाव से लोगों के प्रति अपने जीवन को समर्पित कर दिया ।आज हम कह

सकते हैं कि हमने एक न्याय प्रिय शख्सियत को अपने बीच से खो दिया है। प्रमोद कुमार प्रजापति ने कहा कि पंडित राजबली उपाध्याय बड़ी सोच और ऊंचे ख्यालात के व्यक्ति थे। समाज में बहुत ही बड़ी सामाजिक प्रतिष्ठा थी अन्याय के खिलाफ हमेशा खड़े रहते थे । संचालन करते हुए साहित्यकार गिरीश कुमार श्रीवास्तव गिरीश ने कहा कि वह हमारे लिए पिता तुल्य थे उनकी याद पल पल मुझे सताती है उनके जाने से हमारे सर से एक घनी छाया उठ गई। उक्त अवसर पर श्री आदित्य प्रसाद उपाध्याय इंद्रजीत उपाध्याय मनोज कुमार श्रीवास्तव आनंद सिंह पटेल अनिल कुमार सिंह प्रदीप कुमार श्रीवास्तव अशोक कुमार मिश्रा जीतेंद्र उपाध्याय धीरेंद्र कुमार सिंह इत्यादि लोग ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्रद्धांजलि सभा के आयोजक पूर्व अध्यक्ष बाल न्यायालय / संस्था सचिव संजय उपाध्याय ने सभी के साथ 2 मिनट का मौन रख रखकर मृतक आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

समाजसेवी के आवास पर सुन्दरकाण्ड पाठ सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। समाजसेवी राजेश कुमार गुप्ता के आवास गोकुल ग्राम योजना प्रथम मुन्नू खेड़ा पर सुंदरकांड पाठ किया गया। आचार्य धीरज शास्त्री ने पूजन अर्चन के पश्चात सुंदरकांड पाठ शुभारंभ कराया। इस अवसर पर गोकुल ग्राम कल्याण समिति के धीरेन्द्र तिवारी, अध्यक्ष धीरज शास्त्री उपाध्यक्ष, के. के राय, उपाध्यक्ष, राजेश कुमार गुप्ता महासचिव, राजेश प्रजापति सचिव, अमित बाजपेई संगठन मंत्री, मुन्ना सिंह, धर्मेंद्र तिवारी, अनुराग मिश्रा, पंकज गुप्ता, सत्य प्रकाश, अनिल सहगल, कमल श्रीवास्तव, ललित बाजपेई, संदीप सिंह, राजकिशोर यादव, फूलेनदर यादव, डॉ. राजेश, सत्येन्द्र यादव, राकेश राणा, बी. डी. श्रीवास्तव, दीपक सिंह, विनय शुक्ला, रोहित यादव जीतू दुबे, संदीप पटेल, दीपेश, हेमंत मिश्रा, अंबरीश जैसवाल, अविनेश कुशवाहा, वीरेंद्र वर्मा, सचिन मौर्या, दिनेश शुक्ला, अजय त्रिपाठी, वीरेन्द्र सिंह, विजय चौधरी, अमित कुमार, कल्पना, पीयूष, सनी, सचिन चौहान, अंकुर तिवारी, प्रणव दिवेदी, नित्यानंद तिवारी आदि भक्तगण उपस्थित रहे।

आसमा स्कूल में डिजिटल शिक्षा एवं सेवा केंद्र का हुआ उद्घघाटन

मृत्युन्जय प्रताप सिंह जौनपुर। खेतासराय थाना क्षेत्र के पारा कमाल गांव स्थित आसमा इंटर कॉलेज में ''डिजिटल शिक्षा एवं सेवा केंद्र'' का उद्घाटन कांग्रेस प्रवक्ता हमाम वहीद ने किया। इस अवसर पर हमाम वहीद ने कहा कि डिजिटल शिक्षा समय की आवश्यकता बन चुकी है। डिजिटल शिक्षा के माध्यम से छात्रों को आधुनिक युग में जोड़ा जा सकता है, और उनकी योग्यता में निखार पैदा किया जा सकता है। आज समय बदल रहा है और समय के साथ खुद को बदलना व्यक्ति विशेष की जिम्मेदारी बन चुकी है। उन्होने ने कहा असमा इंटर कॉलेज की इस पहल से न केवल छात्र आधुनिक शिक्षा ग्रहण करेंगे बल्कि वह डिजिटलाइजेशन के इस दौर में किसी से पीछे नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा देहि क्षेत्रों में अभी भी आधुनिक शिक्षा की समस्याएं अधिक है। इसलिए आसमा स्कूल के माध्यम से जो कोशिश प्रारंभ की गई है वह देहि छात्रों और शहरी छात्रों के बीच में खाई को कम करेगी और छात्र एवं छात्राओं को डिजिटल शिक्षा के माध्यम से उच्च स्तरीय शिक्षा ग्रहण करने का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रबंधक सहित सभी बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने डिजिटल शिक्षा एवं सेवा केंद्र को अपने विद्यालय में स्थापित किया है। इस से पहले प्रधानाचार्य मालती गुप्ता ने सभी अतिथिगण का स्वागत किया। इस अवसर पर अम्मार वहीद, मालती गुप्ता,आसिफ,फैजी नुमानी,जाकिर खान सहित सभी शिक्षक गण उपस्थित रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में आम के पेड़ से अधेड़ नें लगाई फांसी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के बेलवा गांव में सोमवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में आम के पेड़ से एक अधेड़ को फांसी के फंदे से लटका पाया गया जिससे गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी बिहारी लाल कन्नौजिया 50 वर्ष रात को घर से खाना खाकर बाजार की तरफ जाने की बात कह कर निकले। पत्नी मंजू देवी के अनुसार काफी देर होने पर हम लोगों ने खोजबीन किया परंतु कोई सुराग नहीं लगा। सोमवार की सुबह घर से 500 मीटर दूर चंद्रदेव यादव के आम के पेड़ पर फांसी के फंदे से उनका शव झूलता पाया गया।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया।

महिला ने चलती एंबुलेंस में दिया बच्चे को जन्म

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सोमवार की सुबह क्षेत्र की एक महिला को प्रसव पीड़ा हुआ महिला ने चलती एंबुलेंस में ही बच्चे को जन्म दिया। रामनगर के जवंसीपुर की निवासी रूबी को प्रसव पीड़ा हुई धीरे धीरे पीड़ा तेज होने लगी रूबी के पति संतोष कुमार ने 102 एंबुलेंस को फोन लगाया करीब 15 मिनट बाद एम्बुलेंस रूबी के घर पहुंच गई संतोष अपनी पत्नी रूबी को एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जमालापुर ले जाने लगे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने से पहले रूबी को प्रसव पीड़ा अत्यधिक होने लगा तब एंबुलेंस के ईएमटी (इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन) रामबाबू और पायलट अजीत यादव ने रास्ते में ही एंबुलेंस को रोक लिया। अपनी सूझबूझ से काम लेते हुए महिला के परिजनों के साथ एंबुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव करा दिया। डॉक्टर ने बताया कि प्रसव सुरक्षित हुआ है तथा नवजात बच्चे की स्थिति ठीक है।

ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के औरैईला मोड़ पर मरी माता मंदिर के पास बीती रात अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सिकरारा थाना क्षेत्र के बेलगहन गांव निवासी सूरज गौतम 22 अपने साथी सहाबु गौतम 24 के साथ बाइक से मड़ियाहूं की तरफ से रात लगभग 10बजे घर वापस जा रहा था वह जैसे ही मड़ियाहूं जौनपुर मार्ग के औरैला मोड़ मरी माता मंदिर के पास अज्ञात ट्रक की चपेट में आ गया जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से उसे सीएचसी मडियाहू भेजा गया जहां पर डॉक्टरों ने सूरज गौतम को मृत घोषित कर दिया दूसरे को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया सूचना पर मृतक के पिता भारत लाल गौतम मडियाहू कोतवाली आकर सूचना दिया कोतवाल किशोर कुमार चौबे ने बताया कि मुआयना करते हुए सीएससी से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है अज्ञात ट्रक की तलाश की जा रही है।

R.S.S संरक्षक कृष्ण जन्मभूमि न्यास का आगमन 22 मई को जौनपुर होगा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मनोज श्रीवास्तव राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय केसरिया वाहिनी संयोजक पूर्वी उत्तर प्रदेश भारत तिब्बत सहयोग मंच R.S.S संरक्षक कृष्ण जन्मभूमि न्यास का आगमन 22 मई को जौनपुर होगा। मनोज श्रीवास्तव राष्ट्रीय अध्यक्ष जी लखनऊ से चलकर शाम को जौनपुर पहुचेंगे जहाँ संगत पंगत द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के उपरांत लखनऊ के लिए प्रस्थान केरेंगे। उक्त आशय की जानकारी संगत पंगत के संरक्षक व भारतीय केसरिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप अस्थाना व संगत पंगत के जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव हैप्पी ने बताया की मनोज जी के जौनपुर आगमन पर जोरदार स्वागत किया जायेगा।

धर्म की रक्षा और पापियो के नाश के लिए प्रभु लेते हैं अवतार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पृथ्वी पर जब जब राक्षसी प्रवृत्ति का अत्याचार और पाप बढ़ा। पूजा, पाठ, जप, तप व सत्ककर्मो में आसुरी शक्तियों ने बिघ्न और बाधाएं डाली, तब तब प्रभु किसी न किसी स्वरूप में पृथ्वी पर अवतरित होकर अधर्मियों का नाश कर धर्म की स्थापना किए है। कंस का अत्याचार जब असह्य हो गया। पृथ्वी मां भी उसके पापकर्मो से मर्माहत हो गई। तब प्रभु श्रीकृष्ण का अवतरण हुआ। भगवान ने सभी पापियो का नाश कर फिर से धर्मयुग का शुभारंभ किया। उक्त बातें रविवार की रात उसरौली शहाबुद्दीनपुर गांव में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा में जुटे श्रद्दालुओं को संबोधित करते हुए श्री धाम अयोध्या से पधारे निर्मल शरण जी महराज ने कही। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत सबसे प्राचीन धर्म ग्रन्थ है। इसके श्रवण, मनन, वाचन और आचरण में समाहित कर लेने मात्र से मानव भव को पार हो जाता है। यह हमें सत्कर्म की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन बड़े भाग्य से मिला है। इसे ब्यर्थ में न गवांये। गृहस्थ

आश्रम का पालन करते हुए उस परम पिता का स्मरण करते रहिए। सबसे बड़ा पूण्य कर्म है सत्कर्म। मात्र इसे अपने जीवन चरित्र में धारण कर मानव ईश्वर को आसानी से प्राप्त कर सकता है। झूठ मत बोलो, बेमानी से बचो, ईर्ष्या द्वेष और अहंकार को पास मत आने दो। आपका स्वतः ही कल्याण हो जायेगा। इस मौके पर बीरेंद्र मिश्रा, छोटेलाल मिश्रा, ईश नारायण पाण्डेय, अजय सिंह राजू, लालमणि शुक्ला, दिनेश जोरिया, जितेंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे। आगन्तुकों के प्रति आयोजक त्रिवेणी मिश्रा ने आभार प्रकट किया।

थाना बरसठी पुलिस व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने लूट की घटना का किया अनावरण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जौनपुर श्री अजय साहनी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी मडियाहूँ श्री अशोक सिंह के नेतृत्व में आपराधियों की गिरफ्तारी, अपराध की रोकथाम के दृष्टिगत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष बरसठी व पुलिस टीम सर्विलांस टीम के सहयोग से अभियुक्तगणों के बीटीएस एवं लोकेशन की जानकारी पर दिनांक 22.03.2022 को शाम 17.30 – 18.00 के मध्य थाना हाजा क्षेत्र के ग्राम गहली कठार में एक स्वर्णकार से अज्ञात अभियुक्त द्वारा सफेद अपाचे से लूट की घटना कारित की गयी थी जिनमे से अभियुक्त अभिषेक पाण्डेय उर्फ भीम पुत्र विजयमणि पाण्डेय निवासी चनेथू थाना सरायममरेज जनपद प्रयागराज को दिनांक 09.05.22 को थाना कडोदरा जनपद सूरत गुजरात से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूट के 6170 रुपये बरामद करते हुए माननीय न्ययालय सूरत कोर्ट से ट्रान्जिट रिमाण्ड प्राप्त कर दिनांक 13.05.22 को जेल भेजा जा चुका है तथा अभियुक्त प्रवीण मिश्रा पुत्र महेन्द्र मिश्रा निवासी चनेथू थाना मीरगंज जौनपुर को दिनांक 10.05.2022 को खान कटरा बैंगलूरु से गिरफ्तार कर ट्रान्जिट रिमाण्ड प्राप्त कर जनपद जौनपुर लाया गया जिससे पूछताछ कर अभियुक्त प्रवीण मिश्रा के कब्जे से लूट के 6420 रु0 , तथा लूट के आभूषण बरामद करते हुए अभियुक्त के कब्जे से घटना में उपयोग में लाया गया 01 तमन्चा 12 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 12 बोर व घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल बरामद करते हुए जिला कारागार जौनपुर भेजा जा रहा है। तथा प्रकाश में आये अभियुक्त आदर्श सिंह पुत्र सन्तोष सिंह निवासी बेहड़ा थाना केराकत जनपद जौनपुर के गिरफ्तारी हेतु लगातार दबिस दी जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण– 1. अभिषेक पाण्डेय पुत्र विजयमणि पाण्डेय निवासी चनेथू थाना सरायममरेज जनपद प्रयागराज। 2. प्रवीण मिश्रा पुत्र महेन्द्र कुमार मिश्रा निवासी बभनियाँव भोजकापुरा थाना मीरगंज जनपद जौनपुर। वाँछित अभियुक्त– 1.आदर्श सिंह पुत्र सन्तोष सिंह निवासी बेहड़ा थाना केराकत जनपद जौनपुर। आपराधिक इतिहास सभी अभियुक्तगण के विरूद्ध– 1. मु0अ0स0 43/22 धारा 392/506/411 भा0दवि0 थाना बरसठी जनपद जौनपुर। आपराधिक इतिहास अभियुक्त प्रवीण मिश्रा के विरूद्ध– 1.

मु0अ0स0 608/15 धारा 379/411 भा0दवि0 थाना मीरगंज, जनपद जौनपुर। 2. मु0अ0स0 658/15 धारा 3(1) यू0पी0 गुण्डा एक्ट थाना मीरगंज जनपद जौनपुर। 3. 299/15 धारा 323/504/506 भादवि थाना मीरगंज जनपद जौनपुर। 4. 210/15 धारा 392 भादवि थाना मीरगंज जनपद जौनपुर 5. मु0अ0सं0 324/16 धारा 392 भादवि थाना मीरगंज जनपद जौनपुर। 6. मु0अ0सं0 115/21 धारा 347/386/506 भादवि थाना मीरगंज जनपद जौनपुर। 7. मु0अ0सं0 116/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मीरगंज जनपद जौनपुर। आपराधिक इतिहास वॉछित अभियुक्त आदर्श सिंह के विरूद्ध– 1. मु0अ0स0 201/2019 धारा 392 भा0दवि0 थाना चन्दवक, जनपद जौनपुर। 2. मु0अ0सं0 207/19 धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 3. मु0अ0सं0 208/19 धारा 41/411/413/419/420/467/468/471 भादवि थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 4. मु0अ0सं0 12/20 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधि0 1986 बरामदगी का विवरण– 1. लूट का 12590 रुपया नगद, सोने की 04 जूतिया, सोने का 12 लम्बा दाना पेंच, 10 मोती की माला, चाँदी की 5 जोड़ी पायल, 14 चोटे दाने की मोती की माला 2. 01 तमन्चा 12 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 12 बोर 3. एक मोबाइल ओप्पो, एक नोकिया मोबाइल कीपैड 4. घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल अपाचे गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीमः–1. थानाध्यक्ष रामसरीख गौतम, थाना बरसठी जनपद जौनपुर । 2. उ0नि0 रामजनम यादव, प्रभारी सर्विलांस मय टीम। 3.उ0नि0 संजय कुमार यादव ,उ0नि0 अरविन्द कुमार चौहान, स0उ0नि0 राजकुमार यादव ,का0 बलवन्त प्रसाद ,का0 नरेन्द्र सिंह ,का0 सुरेश यादव,का0 अभिषेक सिंह,का0 चंचल यादव,का0 दुर्गेश गौड़ थाना बरसठी जनपद जौनपुर।

थाना जलालपुर पुलिस ने मन्दिर मे चोरी करने वाले दो शातिर चोरो को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आज दिनांक 16.05.22 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर,श्री अजय साहनी द्वारा अपराध एवं वांछित अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एंव श्रीमान क्षेत्राधिकारी केराकत श्री संत प्रसाद उपाध्याय व थानाध्यक्ष थाना जलालपुर के नेतृत्व में थाना जलालपुर पुलिस टीम रात्रि गस्त व देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध वाहन व्यक्ति मे जलालपुर चौराहे पर मौजूद थे कि मुखबिर खास सूचना दिया कि दो व्यक्ति संदिग्ध परिस्थिति मे नेवादा मोड हाइवे पुल के नीचे किसी घटना को अंजाम देने की फिराक मे छिपे हुए है तथा उनके पास अवैध असलहा तथा चोरी का सामान भी है कि इस सूचना पर विश्वास कर हमराहियों को मकसद से अवगत कराते हुए योजनाबद्ध तरीके से मुखबिर खास को साथ लेकर नेवादा हाइवे पुल के नीचे छिपते छिपाते पहुचा पुल के नीचे दो व्यक्ति छिपकर बैठे हुए दिखाई दिये जिनके तरफ मुखबिर खास ने इशारा कर हट बढ गया पुलिस बल द्वारा एकबारगी से पुल को दोनो तरफ से घेरकर एक बारगी से पुल के निचे छिपकर बैठे हुए व्यक्तियों को घेर कर मौके पर ही पकड लिया गया, जिनसे नाम पता पूछा गया तो पहले ने अपना नाम सुरेन्द्र वनवासी पुत्र स्व0 रूपे वनवासी नि0 चक्के थाना जलालपुर, जौनपुर उम्र करीब 30 वर्ष तथा दूसरे ने अपना नाम प्रेम वनवासी पुत्र स्व0 गोपी नि0 बहादुरपुर थाना रामनगर जिला वाराणसी उम्र करीब 30 वर्ष बता रहा है जिनके कब्जे से एक देशी तमंचा 315 बोर व

एक जिन्दा कारतूस 315 बोर व चार घण्टा इस्तेमाली पीली धातु बरामद हुआ। उक्त चोरी के सम्बन्ध मे पूर्व मे थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0– 169/22 धारा 457/380 भादवि व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0– 170/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया व अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

पंजीकृत व सम्बन्धित अभियोग– 1. मु0अ0सं0– 169/22 धारा 457/380 भादवि थाना जलालपुर जौनपुर। 2. मु0अ0सं0– 170/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना जलालपुर जौनपुर। गिरफ्तार अभियुक्तगण– 1–सुरेन्द्र वनवासी पुत्र स्व0 रूपे वनवासी नि0 चक्के थाना जलालपुर, जौनपुर उम्र करीब 30 वर्ष 2–प्रेम वनवासी पुत्र स्व0 गोपी नि0 बहादुरपुर थाना रामनगर जिला वाराणसी उम्र करीब 30 वर्ष बरामदगी– 1– एक देशी तमंचा 315 बोर 2– एक जिन्दा कारतूस 315 बोर 3– चार घण्टा पीली धातु गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम दृ 1. उ0नि0 राम बिलास थाना जलालपुर, जौनपुर । 2. का0 भानु प्रताप सिंह, का0 रामकुमार,का0 जितेन्द्र यादव , का0 मो0 रियाज थाना जलालपुर, जौनपुर।

शहर के साहबगंज में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आरुषि खरे की क्लीनिक खुलने से अब लोगों को नही जाना होगा दूर दराज के अस्पताल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मरीजों की सेवा करना एक चिकित्सक का परम कर्तव्य होता है।क्योंकि इस धरती पर मनुष्य भगवान के बाद अगर किसी को भगवान मानते हैं तो चिकित्सक को अपना दूसरा भगवान मानते हैं।इसलिए हम सभी चिकित्सकों का भी यह परम कर्तव्य है कि हम सभी चिकित्सकों को अपने अपने मरीजों का सुलभ व अच्छे से अच्छा इलाज करें। जिससे हमारी इलाज से संतुष्ट होकर मरीज अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचकर हमें अपना आशीर्वाद दें।यह बातें रविवार को शहर की प्रतिष्ठित स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ व शहर के साहबगंज के अमानीगंज में स्थित प्रतिष्ठित अमर हॉस्पिटल के निदेशक डॉ अरविंद खरे व प्रबंध निदेशक व डॉ साधना खरे की पुत्री डाक्टर आरुषि खरे ने देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र व नव भारत चेतना न्यूज चौनल अयोध्या के ब्यूरो चीफ राजेश श्रीवास्तव से एक खास बातचीत में कही।इस मौके पर उन्होंने कहा कि चिकित्सा सिर्फ एक व्यवसाय ही ना होकर बल्कि परोपकार का भी कार्य है।क्योंकि एक चिकित्सक ही भगवान का दूसरा रूप होता है।उन्होंने कहा कि जब कोई मरीज या उनका तीमारदार किसी बीमारी से ग्रस्त होकर अस्पताल की तरफ आता है तब वह कुछ सोच कर आता है कि हमारा यहां पर इलाज होगा और हम सभी का भी यही कर्तव्य है के उस मरीज की इलाज पूरी तल्लीनता व ध्यान पूर्वक से करें।क्योंकि जब किसी चिकित्सक के द्वारा किसी मरीज का इलाज सही होता है तो वह मरीज सिर्फ यही बात कहता है कि आप ही हमारे भगवान हैं।शहर की प्रसिद्ध स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ आरुषि खरे ने बताया कि हमारा भी यही एकमात्र उद्देश्य है कि इस क्लीनिक पर जो भी मरीज अपना इलाज कराने आयेगे हमारा पूरा प्रयास रहेगा कि वे सभी हमारे इलाज से संतुष्ट होकर ही अपने घर जाए। तभी हमारा एक चिकित्सक का होना सार्थक होगा।इस मौके पर उन्होने कहा कि चिकित्सक का मुख्य कार्य सिर्फ पैसा कमाना ही नहीं होता है बल्कि मरीजों को और उनके परिजनों को संतुष्ट करना भी होता है।मालूम हो कि रविवार को स्त्री





एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ आरुषि खरे के क्लीनिक का उद्घाटन शहर के साहबगंज में स्थित राम जानकी मंदिर के समीप हुआ।मालूम हो कि इससे पहले यहां से किलोमीटर के आसपास किसी स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ का क्लीनिक नहीं था।जिसके चलते यहां के आसपास के मरीजों को जब कोई परेशानी होती तो उनको एक किलोमीटर दूर स्थित जिला अस्पताल या जिला महिला चिकित्सालय के साथ–साथ प्राइवेट हॉस्पिटलों की ओर जाना पड़ता।जिससे उनको काफी कठिनाइयों का सामना भी करना पड़ रहा था।जहां पर यहाँ क्लीनिक खुलने से एक सुर में वहां पर उपस्थित लोगों ने बताया कि अगर किसी समय कोई बीमार होता है तो अब दूरदराज के अस्पताल न जाकर डॉ आरुषि खरे के क्लीनिक पर जाकर इलाज कराना होगा।वहाँ के लोगों ने बताया कि शहर के साहबगंज में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आरुषि खरे की क्लीनिक खुलने से अब हम लोगों को दूर दराज के अस्पताल नहीं जाना होगा।जिससे समय और पैसे दोनों की बचत होगी।इस मौके पर स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आरुषि खरे के अलावा अमर हॉस्पिटल अमानीगंज के निदेशक डॉ अरविंद खरे,प्रबंध निदेशक डॉ साधना खरे,वीरेंद्र गुप्ता, वीरेंद्र पांडे,राजेंद्र यादव,अवधेश कुमार,अंकित वर्मा,ममता तिवारी,आरती, रानी,अतुल यादव,स्वाति,अशद भाजपा नेता जय शंकर श्रीवास्तव,अंचू श्रीवास्तव,अजय,बलराम वर्मा,शिवम सुमित यादव सहित अमर हॉस्पिटल से जुड़े कई कर्मी मौजूद रहे।

वार्षिकोत्सव में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर बच्चों ने किया दर्शकों का मनोरंजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के रूदौली शिक्षा क्षेत्र के सीबीएसई से सम्बद्ध एलएसडीपी पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी दर्शकों का मनोरंजन किया।इस मौकै पर बच्चों के गीत,नृत्य पर दर्शक झूमते रहे।विद्यालय के संस्थापक धर्मदत्त पाठक जी की पत्नी स्व राजेश्वरी देवी की प्रथम पूण्य तिथि पर वार्षिकोत्सव का आयोजन शुक्रवार को विद्यालय परिसर में किया गया।इस कार्यक्रम का शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि तहसीलदार प्रज्ञा सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व विद्यालय के संस्थापक की पत्नी राजेश्वरी देवी की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन करके किया।वहाँ पर आये हुए अतिथियों को संस्थापक धर्मदत्त पाठक व प्रबंधक अनिल पाठक ने सम्मानित किया।मुख्य अतिथि तहसीलदार प्रज्ञा सिंह ने छात्रों को जीवन में शिक्षा के महत्व के बारे में बताया व विद्यालय के प्रयासों की सराहना की।सीओ रूदौली सुरेंद्र तिवारी ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया व शिक्षा के साथ–साथ छात्रों के कौशल विकास के लिए इस तरह की गतिविधियों के महत्व को उजागर किया।रौजागांव चीनी मिल के सीजीएम केन इकबाल सिंह ने बच्चो के कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा रूदौली क्षेत्र में इस विद्यालय की तरह कोई भी अन्य विद्यालय नही है जो बच्चों की शिक्षा के साथ साथ उनके कोरिकुलर एक्टिविटीज पर ध्यान दे।उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम स्कूल में समय समय पर होते रहने चाहिए।इसके बाद बच्चों ने सरस्वती वंदना,स्वागत गीत,प्रहसन, गीत,नृत्य,नाटक सहित कई तरह के कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।इस कार्यक्रम की थीम उड़ान पर प्रधानाचार्य आदित्य पाठक ने बच्चों व उपस्थित अभिभावकों को दो बाजो की ''उड़ान'' प्रेरक कहानी सुनाकर प्रेरित किया व आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में स्कूल चलो अभियान,सर्जिकल स्ट्राइक,पुलवामा हादसा,21 वी शताब्दी में शिक्षा में परिवर्तन,बालिका शिक्षा सहित अन्य सामाजिक मुद्दों पर बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी।कार्यक्रम का संचालन कक्षा 12 साइंस के छात्र पीयूष मिश्र व छात्रा श्रेस्टिका सिंह ने किया।कार्यक्रम के समापन के उपरांत उपास्थित जनो के लिए डिनर का भी आयोजन विद्यालय प्रबंधन द्वारा किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावको ने विद्यालय के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की जमकर सरहाना की।इस दौरान दिनेश कांत पांडेय,रामानुज तिवारी,नरेंद्र कुमार पाठक,चौकी प्रभारी भेलसर संतोष उपाध्याय,आलोक पांडेय,ओंकार त्रिपाठी,राजेश पाठक,पंकज मिश्र,आशीष वैश्य सभासद,एचडीएफसी बैंक मैनेजर दीपक जी,सेंट्रल बैंक असिस्टेंट मैनेजर स्नेहा शर्मा,अजीत रॉय,विकास सिंह,श्री प्रकाश पाठक,अतुल पाठक सहित अन्य उपास्थित रहे।

चाणक्य परिषद ने गरीब कन्याओं के विवाह और कैंसर पीड़ित की मदद का उठाया बीड़ा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अखिल भारतीय चाणक्य परिषद में पूर्व की भांति इस वर्ष भी गरीब कन्याओं के विवाह में आर्थिक सहयोग एवं कैंसर पीड़ित परिषद के से जुड़े पदाधिकारी की मदद के लिए बीड़ा उठाया है।साकेतपुरी स्थित सेक्टर 5 अनंत शिखर डॉक्टर आर पी पाण्डेय के निवास पर संपन्न बैठक में परिषद के पदाधिकारी दीनदयाल तिवारी के कैंसर इलाज के लिए आर्थिक सहयोग एवं आशीर्वाद के साथ दो गरीब ब्राह्मण कन्याओं के विवाह में आर्थिक सहयोग देने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में दो मिनट का मौन रखकर कश्मीर में मारे गए कश्मीरी पंडित राहुल भट्ट के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की गई। परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक पंडित कृपा निधान तिवारी ने कैंसर पीडित पदाधिकारी को स्वास्थ्य मंत्री एवं डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से मिलकर सरकारी सहायता दिलाये जाने मे सहयोग करने का आश्वासन दिया। परिषद को मजबूत करने के लिए परिषद के सदस्यता अभियान पर भी जोर देने के साथ चाणक्य परिषद से जुडे लोगों का हर स्तर पर सहयोग करने की विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला लेखा परीक्षक उमाशंकर तिवारी और संचालन परिषद के जिला महामंत्री लषणधर त्रिपाठी ने किया। बैठक में राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक डॉ रामतेज पांडे पंडित राजेंद्र प्रसाद पाठक स्वामीनाथ शुक्ला संजय द्विवेदी ज्वाला प्रसाद दुबे राम सुरेंद्र मिश्र पवन कुमार तिवारी विनोद तिवारी दीनदयाल तिवारी वेद निधि पांडे राजेंद्र नाथ तिवारी भोलानाथ तिवारी पंचम तिवारी के के तिवारी परमानंद पाठक प्रमोद त्रिपाठी राधेश्याम पांडे करुणाकर पाण्डेय अरुण त्रिपाठी रामचरित्र पाण्डेय देवी प्रसाद दुबे अनिरुद्ध प्रकाश मिश्र आदि भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेश सरकार के 100 दिन के अंदर नियुक्ति निर्देशों का पालन करने में कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज रहा अग्रणी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या मे कार्यरत पूर्वांचल के 25 कृषि विज्ञान केंद्रों पर 76 वस्तु विशेषज्ञों की नियुक्ति कर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए 100 दिन के अंदर नियुक्ति निर्देशो का पालन करते हुए एवं कृषि मंत्री के सहयोग से पूर्वी उत्तर प्रदेश में कार्यरत 25 कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों के चयन का कार्य प्रारंभ कर 76 विषय विशेषज्ञों वैज्ञानिकों की नियुक्ति का आदेश निर्गत कर कीर्तिमान स्थापित कर दिया।इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने बताया कि पूर्वांचल के सभी कृषि विज्ञान केंद्रों पर वैज्ञानिकों की नियुक्ति करने से पूरे पूर्वांचल के किसानों को तकनीकी ज्ञान प्राप्त होगा, जिससे कृषि के क्षेत्र में पूर्वांचल के किसान लाभान्वित हो सकेंगे, तथा वर्तमान में खरीफ के सीजन मे तकनीकी ज्ञान भी प्राप्त कर सकेंगे। डॉ सिंह ने बताया कि शिक्षण एवं शोध के पदों को भी शीघ्रातिशीघ्र भरे जाने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है, जिसे आगामी माह तक नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी।कृषि विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि विगत 11 वर्ष पूर्व कृषि विज्ञान केंद्रों पर नियुक्ति की गई थी, और वर्तमान में यह सभी पद रिक्त थे। इस नियुक्ति आदेश से सभी 25 कृषि विज्ञान केंद्र के रिक्त पद पर नियुक्ति कर दी गई। जिस पर सभी वैज्ञानिक आगामी सप्ताह तक अपना कार्यभार ग्रहण कर लेंगे। नियुक्ति की खबर प्राप्त होते ही पूरे विश्वविद्यालय में खुशी की लहर व्याप्त हो गई तथा शिक्षक एवं कर्मचारियों में यह चर्चा का विषय है कि निष्पक्ष एवं अच्छे वैज्ञानिकों के चयन से निश्चित रूप से पूर्वांचल का विकास होगा।

निजी स्कूलों की मनमानी और खुली लूट से इस समय अभिभावकों का हो रहा है मोहभंग

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) इस समय प्रदेश के ज्यादातर जनपदों में निजी स्कूलों का राजस्व 20 से 25 प्रतिशत तक कम हो गया है। इसके अलावा, नए शिक्षण सत्र में नए दाखिले भी बेहद कम हुए हैं। इससे साफ है कि निजी स्कूलों की मनमानी और खुली लूट से अभिभावकों का मोहभंग होने लगा है। उनका झुकाव अब सरकारी स्कूलों की तरफ होने लगा है। सरकारी स्कूलों में दाखिले के लिए बढ़ती भीड़ इसी का परिचायक है। हम सब कोरोना महामारी से गुजरकर अब कुछ राहत की सांस ले रहे हैं, पर निजी विद्यालयों की मनमानी और लूट के चलते अभिभावकों का जीना मुहाल हो गया है। इसके अलावा, बच्चों की शिक्षा को लेकर भी लोग सचेत होने लगे हैं। नया शिक्षण सत्र शुरू हो गया है।वही अभिभावक अपने बच्चों के दाखिले के लिए तत्पर हैं। लेकिन निजी स्कूलों की खुली लूट के आगे बेबस अभिभावकों का रुझान अब सरकारी स्कूलों की ओर बढ़ रहा है।इसलिए वे अपने बच्चों के दाखिले के लिए सरकारी स्कूलों का रुख कर रहे हैं। हर अभिभावक की चाहत होती है कि उसकी संतान को अच्छी शिक्षा, अच्छे संस्कार मिले। अब तक उच्च मध्यम वर्ग के लोग लाखों रुपये देकर अपने बच्चों को निजी स्कूलों में भेज रहे थे। अभिभावकों की इस चाहत को निजी स्कूलों ने खूब भुनाया। इन निजी स्कूलों ने शिक्षा के बजाय अपने व्यवसाय पर ज्यादा बल देना शुरू किया और फिर उनकी मनमानी शुरू हो गई, जिसके आगे अभिभावक बेबस हो गए। पर कोरोना ने सारे परिदृश्य को बदल दिया। इससे अभिभावकों की सोच बदली। यही कारण है कि अब वे निजी स्कूलों के बजाय बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूलों में करवा रहे हैं। पहले हालात यह थे कि संतान के जन्म के तुरंत बाद माता–पिता पैसे का इंतजाम उनकी प्रारंभिक शिक्षा के नाम पर करते थे। यह एक ऐसा जहरीला ट्रेंड था, जिसमें मध्यम वर्ग अनजाने में ही फंसता चला जाता था। उधर सरकारी स्कूलों की हालत भी अच्छी नहीं थी। वहां गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वच्छता का अभाव था। इसके अलावा छात्रों में अनुशासन की कमी दिखाई देती थी। शिक्षक भी गैरहाजिर रहते थे। सरकारी स्कूलों की इस कमजोरी का पूरा लाभ निजी स्कूलों ने उठाया। देखते ही देखते गांव–गांव में निजी स्कूलों का कब्जा हो गया। एक तरह से शिक्षा का व्यापार ही शुरू हो गया। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्षा के लिए बने निजी विद्यालयों की स्थिति तो और भी ज्यादा खराब है ना तो पर्याप्त योग्य शिक्षक हैं न हीं प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तैयारी का पूर्ण प्रबंध ना ही सरकार के शासनादेश और मानकों के अनुरूप अन्य व्यवस्था। लेकिन लूट के मामले में यह कहीं से भी पीछे नहीं है। निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ कई बार अभिभावक लामबंद हुए, पर राजनीतिक संरक्षण के कारण उनकी आवाज दब गई। सरकार भी लाचार हो गई। इसके बाद सरकारी स्कूल नींद से जागे। स्कूलों में सुधार दिखाई देने लगा। वहां बुनियादी सुविधाएं बढ़ने लगी। स्वच्छता अभियान चलाया गया। शिक्षकों को ताकीद की गई कि वे रोज स्कूल आएं। इन स्कूलों में भी डिजिटल सुविधाएं मिलने लगीं। कोरोना काल में अभिभावकों को यह एहसास हो गया कि जब सरकारी स्कूलों में भी बच्चों को बुनियादी सुविधाएं मिल रही हैं, तो फिर निजी स्कूलों में इतनी राशि क्यों खर्च की जाए? इस सोच ने शिक्षा माफिया को एक तरह से हिलाकर रख दिया। निजी स्कूलों में आपसी प्रतिस्पर्धा इतनी तीव्र थी कि वे विज्ञापनों पर ही लाखों रुपये खर्च करते थे। लोग विज्ञापन देखकर ही गद्गद हो जाते थे। शिक्षा माफिया का सीधा संबंध नेताओं से होने के कारण निजी स्कूलों के हौसले बुलंद होने लगे थे। अभिभावक भी दिखावे के कारण निजी स्कूलों की मनमानी सह रहे थे। पर कोरोना काल के बाद उनका मोहभंग होने लगा। अभिभावकों को यह एहसास हो गया कि दिखावे से कुछ नहीं होने वाला। इसलिए वे अब अपने बच्चों को निजी स्कूलों निकालकर सरकारी स्कूलों में भेजने लगे हैं। सरकार को भी समझना होगा कि वह सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं के अलावा हर वे सुविधाएं बच्चों को उपलब्ध कराएं, जो निजी स्कूलों में दी जाती हैं। जिससे सरकारी विद्यालयों की स्थिति में एक बार फिर मूलभूत सुधार हो सके।शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने पर सरकार को विशेष ध्यान देना होगा, ताकि बच्चों का भविष्य संवर सके। यदि अधिकारी वर्ग अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में भेजे, तो तस्वीर बदलते देर नहीं लगेगी। बदले हालातों में शिक्षा व्यवस्था में भी बदलाव देखने को मिल रहा है। यह तो भविष्य बताएगा कि निजी विद्यालयों की मनमानी लूट तथा निरंकुशता एक दिन उन्हीं के लिए इतनी घातक साबित होगी।

युवा परिवार के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें और इससे ना हो दूर– कुलपति

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत् विश्व परिवार दिवस के पूर्व संध्या पर शनिवार को जागरूकता अभियान आयोजित किया गया।कुमारगंज कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने आज इस अवसर पर कहा कि मनुष्य जिस परिवार में जन्म लेता है उसी से उसकी पहचान होती है, परिवार वह कड़ी है जो सब को एक सूत्र में जोड़े रखती है, जो हर सुख दुख में साथ देते हैं। डॉ सिंह ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि युवा अपने परिवार के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें और इनसे दूर ना रहे।कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व, मार्गदर्शन एवं निर्देश पर ग्राम– बिरौली झाम में परिवार के महत्व पर विश्व परिवार दिवस की पूर्व संध्या पर जागरूकता अभियान आयोजित किया गया । इस अभियान की अध्यक्षता अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, डॉ देवाशीष नियोगी द्वारा की गई ।डॉक्टर नियोगी ने परिवार में एकजुटता बनाए रखने, सुदृढ़ बनाने एवं परिवार की महिला के सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किए तथा कुलपति महोदय को इस कार्यक्रम को आयोजित कराने के लिए आभार भी व्यक्त किया।जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षकों ने भी स्वस्थ परिवार, शिक्षित परिवार एवं ग्रामीण परिवेश में तकनीकी का महत्व पर अपने विचार साझा किए । इस जागरूकता अभियान में लगभग 150 से अधिक ग्रामीण महिलाओं बच्चों एवं पुरुषों ने प्रतिभाग कर इस जागरूकता अभियान को सफल बनाया। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस का थीम ''परिवार और शहरीकरण'' है। इसका उद्देश्य परिवार पर पड़ने वाला शहरीकरण के प्रभाव पर चर्चा करने का है। एकाकी परिवार की बढ़ती संख्या और शहरीकरण के कारण भावनात्मक निकटता पर पड़ने वाली स्वतंत्रता से लेकर इस दिन विषय की विभिन्न विधाओं का पता लगाया जा सकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर नवीन कुमार, डॉक्टर देवनारायण पटेल, डॉक्टर राजेश कुमार, डॉक्टर सुप्रिया अरोरा एवं छात्र–छात्राओं आदि ने विशेष योगदान दिया । कार्यक्रम के अंत में पूर्व ग्राम प्रधान ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए सभी ग्रामीणों से परिवार में समन्वय बनाते हुए एकजुटता का आह्वान किया।

सैकड़ों पोस्टमास्टर पोस्टमैन के साथ अयोध्या मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर पी के सिंह की बैठक सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के प्रधान डाकघर में मण्डल के सैकड़ों पोस्टमास्टर, पोस्टमैन के साथ अयोध्या मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर पी के सिंह ने डाक वितरण प्रणाली, सुकन्या समृद्धि, बचत एवं डाक जीवन बीमा को गति देने के उद्देश्य से बैठक किया । इस दौरान श्री सिंह ने कहा कि मेहनत और लग्न से कार्य किया जाय तो किसी भी क्षेत्र में सफलता अर्जित किया जा सकता है और कहा कि हम सभी के अच्छे आचरण एवं मेहनत से आज भी डाक विभाग के प्रति लम्बे अरसे से आम जनमानस का विश्वास एवं अच्छी छवि बनी हुई है, इसे कायम रखने का दायित्व हम लोगों का है और इस विश्वास को किस प्रकार बनाए रखा जाये इस विषय पर हमें जागरूक होने की जरूरत है । साथ ही श्री सिंह ने कहा कि डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा हमारे विभाग के दो अत्यंत ही महत्वपूर्ण बीमा योजनाएं है परन्तु हम सभी इसके व्यापक प्रचार–प्रसार में अभी तक उस गति को पाने में सफल नहीं हो सके है जिसकी हमें आवश्यकता हैद्य जबकि इस योजना से कम प्रभावी व लाभदायक बीमा स्कीम को अन्य बीमा कंपनी अच्छे ढंग से प्रस्तुत करके आम लोगों को आकर्षित करने में सफल हो रहे हैं द्य अतः हम सभी को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है और डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा के लाभों के अन्य बीमा कंपनी के स्कीम से तुलनात्मक अध्ययन करके लोगों को आकर्षित करने की महती आवश्यकता है द्य इस दौरान श्री सिंह ने सुकन्या समृद्धि योजना के बारे में कहा कि जनता आसपास की सभी 10 वर्ष से कम उम्र की बेटियों का खाता खुलवाकर करें समाजिक दायित्व का निर्वहन । इस दौरान विगत वित्तीय वर्ष में उत्कृष्ट सब पोस्टमास्टर गजेन्द्र सिंह, अमर कुमार, वाई पी मौर्य, नूतन सिंह, अरुण मौर्य को सम्मानित भी किया गया । इस मौके पर मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह ने वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए कार्य योजना की चर्चा करते हुए कहा कि पोस्टमास्टर आज से ही लक्ष्यों की पूर्ति के लिए अपने क्षेत्र के सम्मानित जनता को सूचीबध करके जोड़ने का कार्य प्रारम्भ कर दें । उन्होंने ग्रामीण डाक जीवन बीमा के बारे में बताते हुए कहा कि ग्रामीणों एवं गरीब किसानो के लिए यह खास बीमा योजना किसी बीमा कम्पनी से सस्ती एव अधिक फायदेमंद है लेकिन अधिक ग्राहकों को इसके बारे में जानकारी नही होने से वह अन्य महगी बीमा कम्पनी कि पालसी ले लेते है जिससे उन्हें घाटा उठाना पड़ता है । इस दौरान सीनियर पोस्टमास्टर एस आर गुप्ता, सहायक अधीक्षक जयप्रकाश, दीपक मौर्य, मनोज कुमार, सुधीर सिंह, सिंकू रावत, जयशंकर प्रसाद वर्मा, पंकज सिंह, अनुज यादव, दिलीप पाण्डेय,आदि दर्जनों कर्मचारी मौजूद रहे।

तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने बाइक में मारी टक्कर : तीन घायल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के रौनाही थाना अंतर्गत ग्राम अरकुंना चौराहे के निकट तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने बाइक मे टक्कर मार दिया जिससे तीन लोग घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार विजय बहादुर पुत्र शिव बरन आयु 34 वर्ष ग्राम गोधनिया कानाराम नाही जनपद अयोध्या पत्नी पूनम आयु 32 वर्ष पुत्र रोनक आयु 4 वर्ष दोपहर लगभग 2:30 बजे रुदौली कोतवाली क्षेत्र के सेवन बारी गांव से विवाह समारोह कार्यक्रम से घर लौट रहे थे की तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने बाइक में टक्कर मारकर घायल कर दिया घायल की सूचना नेशनल हाईवे रोड पर कार्य करने वाले लेबर द्वारा नेशनल हाईवे एम्बुलेंस के ई एम टी गजेंद्र सिंह को दिया तीनों घायलों को ई एम टी द्वारा 3:35 पर जिला चिकित्सालय लाकर भर्ती कराया गया इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे डॉ धर्मेंद्र ने बताया कि पति पत्नी के गंभीर चोट लगने के कारण भर्ती कर उपचार किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सीएचसी रूदौली व मवई का किया निरीक्षण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर और जनमुखी बनाने के उद्देश्य से शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी अयोध्या डाक्टर अजय राजा ने सीएचसी रुदौली और मवई का निरीक्षण किया।इस मौके पर सीएचसी रुदौली के निरीक्षण में सीएचसी पर तैनात सभी चिकित्सक और स्टॉफ उपस्थित पाए गए और मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही थी।मुख्य चिकित्साधिकारी ने सीएचसी पर ईलाज के लिए आए मरीजों से ईलाज,दवाओं और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और स्टॉफ के व्यवहार की जानकारी भी ली।सीएचसी पर मौजूद मरीजों ने बताया कि चिकित्सक और स्टॉफ का व्यवहार ठीक है दवाएं भी मिलती है। सीएचसी मवई के निरीक्षण के दौरान सीएचसी पर तैनात कुछ चिकित्सक और बीपीएमयू स्टॉफ अनुपस्थित पाए गए।इस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने चिकित्सा अधीक्षक से सभी अनुपस्थित चिकित्सकों और स्टॉफ का स्पष्टीकरण प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही का निर्देश दिया और चेतावनी भी दी कि अनाधिकृत अनुपस्थित होने वाले किसी भी कर्मचारी को किसी भी स्थिति में बख्शा नही जाएगा और उन्होंने सुधार न होने की स्थिति में कड़ी कार्यवाही के लिए शासन को संस्तुति कर दिया जाएगा।मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सरकार की मंशा के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और उपलब्धता के लिए सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षकों को हॉस्पिटल में तैनात चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ की समय से उपस्थिति,दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता,सभी उपलब्ध लैब जांच सेवाएं,प्रसव सेवाएं,परामर्श सेवाऐं,संदर्भन,इमरजेंसी सेवाऐं दुरूस्त करने और ईलाज के लिए आने वाले सभी मरीजों को एक समान रूप से हर सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

जनपद में जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का हुआ भव्य आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) समाजसेवी संस्था अयोध्याधाम के अध्यक्ष समाजसेवी सुरेश यादव द्वारा आज परमहंस महाविद्यालय अयोध्या में जिला स्तरीय सामने ज्ञान प्रतियोगिता कराई गई। इसमें लगभग 500 बच्चों ने सामान्य ज्ञान परीक्षा में भाग लिया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का रिजल्ट 25 तारीख को घोषित किया जाएगा। प्रतियोगिता में जो बच्चे अच्छे व उच्च अंक प्राप्त करके पास होंगे उन बच्चों को 25 तारीख को पुरस्कार वितरण किया जाएगा।इसके आयोजक सुरेश यादव ने बताया कि इस सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता की परीक्षा में विशेष सहयोग करने वालों का नाम अध्यापक अरमान आलम, अमन सिंह, नितेश यादव, शिखा यादव ,नीलू, रोशनी, खुशी, पूर्णिमा ,अंकिता ,रवि आदित्य ,गुलशन, सूरज कुमार व आराध्या आदि लोग ने मिलकर यह प्रतियोगिता कराई।ज्ञात हो कि इसका परिणाम 25 मई को आएगा। सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले सफल छात्रों को विशेष पुरस्कार दिया जाएगा। प्रथम साइकिल, द्वितीय मोबाइल व तीसरा पुरस्कार पंखा आदि है। अन्य छात्रों को सन्तोवना पुरस्कार भी दिया जाएगा।

पण्डित अम्बिका प्रसाद कमला देवी आईटीआई में आयोजित हुआ टेबलेट वितरण समारोह

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) नगर निगम क्षेत्र के मलिकपुर गाँव में स्थित पण्डित अम्बिका प्रसाद कमला देवी और पण्डित मिश्रीलाल रामराजी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र (आईटीआई) में रविवार को टेबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ टेबलेट वितरण के बाद मुख्य अतिथि संजीव सिंह जिलाध्यक्ष भाजपा ने कहा कि सरकार द्वारा निशुल्क टेबलेट व स्मार्टफोन विद्यार्थियों को मिलने से डिजिटल इंडिया का सपना साकार हो रहा है बच्चो को यह टेबलेट लेने के बाद स्वरोजगार की तरफ बढ़ना चाहिए।इस समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि संजीव सिंह, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता लाल बहादुर शुक्ल और वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश वर्मा,संस्थापक अम्बिका प्रसाद तिवारी ,प्रबन्धक नरेन्द्र तिवारी,विश्व प्रकाश तिवारी भाजपा के मण्डल अध्यक्ष अमरनाथ वर्मा ने किया।इस मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि जो बच्चे शिक्षा के प्रति जागरूक है और मेहनत कर रहे है उनको हमारी सरकार द्वारा बहुत सुविधाएं दी जा रही है जिसमे किसी प्रकार का पक्षपात नहीं किया जा रहा है जो बच्चा पढ़ रहा है उसे निशुल्क नौकरी भी मिल रही है अपनी सरकार की उपलब्धिया गिनाते हुए कहा कि अच्छे कार्य की ही बदौलत कई दशक बाद भाजपा की सरकार दोबारा बनी है।वही प्रबंधक नरेन्द्र देव् तिवारी और विश्व तिवारी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र केवल अपने स्वार्थ हितों के लिए इस संसाधन का प्रयोग ना करें बल्कि उनका भी सहयोग करें जो आपके आसपास के जरूरतमंद छात्र है।विशिष्ट अतिथि लाल बहादुर शुक्ल और ओम प्रकाश वर्मा ने कहा कि छात्र टेबलेट का प्रयोग सकारात्मक नजरिए से करे जिससे सरकार का लैपटॉप वितरण का उद्देश्य पूरा हो सके।रविवार को टेबलेट वितरण समारोह में निजी आईटीआई के प्रबन्धक प्रमोद यादव,विनोद वर्मा,विनोद यादव,क्षेत्र पंचायत सदस्य शिव कुमार वर्मा,प्रधानाचार्य सौरभ पांडेय,विवेक मिश्र,अनुदेशक प्रवीण मौर्य,सत्य प्रकाश तिवारी,महेश टीआई ,क्षितिज पटेल,महेश शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज